हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 321, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 10 मई, 2022 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

चंदौली कांड में सियासतः पीड़ित परिवार से मिले अखिलेश यादव

बोले- सरकारी जांच पर भरोसा नहीं, थाने में बढ़ गया दलाली का सेंसेक्स

चंदौली। चंदौली के मनराजपुर गांव में पुलिस दबिश के दौरान युवती की घटना से राजनीतिक गलियारों में सरगर्मी बढ़ी हुई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मृतका निशा के पिता कन्हैया यादव को सांत्वना दी। करीब आधे घंटे तक उन्होंने घटना के संबंध में चर्चा की।

वाराणसी रवाना होने से पूर्व मीडिया को संबोधित किया। कहा कि हम पीड़ित परिवार और बच्ची को न्याय दिलाएंगे। सरकारी जांच पर भरोसा नहीं है। पुलिस के खिलाफ आरोप है और पुलिस के द्वारा ही मामले की जांच करना सही नहीं है। उन्होंने हाईकोर्ट के जज की देखरेख में जांच की मांग की। आरोप लगाया कि घटना वाले दिन पुलिस पूरी तैयारी के साथ गई थी जान लेने। अखिलेश यादव ने पुलिस-प्रशासन और सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि जो सरकार पुलिस को चुनाव जिताने में लगा दे, उस सरकार से क्या उम्मीद कर सकते हैं। दलाली का सेंसेक्स थाने में बढ़ रहा है। जाति के आधार पर थानों में काम हो रहा है।

जनप्रतिनिधि के दबाव में यूपी सरकार यह कर रही है कि कब किसे फंसाना है'।

पुलिस दबिश नहीं दबंगई दिखाने जाती है- इससे पहले प्राइवेट विमान से वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचे अखिलेश यादव का सपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। सड़क मार्ग द्वारा चंदौली रवाना होने से पहले सपा प्रमुख ने मीडिया से बात करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि प्रदेश की पुलिस दबिश नहीं दबंगई दिखाने जाती है। चंदौली की घटना इसका उदाहरण है। वहां पुलिस पूरी तैयारी के साथ गई थी जान लेने।थाने अराजकता के केंद्र बन चुके हैं। आगे कहा कि चंदौली में मृतका के पिता खुद कह रहे हैं कि पुलिस पहुंची और बेटी को पीटकर हत्या कर दी। मुझे सरकार की जांच पर भरोसा नहीं है। इससे न्याय नहीं मिलेगा।अगर हाईकोर्ट के जजों की कमेटी जांच करे तो न्याय हो सकता है। ज्ञानवापी प्रकरण पर अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नहीं चाहती है कि समाज में शांति रहे। समाज में नौकरी-बेरोजगारी और महंगाई के सवाल पर बात न हो। आगे कहा कि आज सोचिए दुनिया में डॉलर कहां पहुंच गया और रुपया कहां है। देश के सारे संसाधन कुछ लोग खरीदे ले रहे हैं। यूपी में न नौकरी है और न ही रोजगार है।

जनता को खुद आगे आना होगा महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ। आप बताइए कि आटा की क्या कीमत हो गई है। गेहूं की सरकारी खरीद नहीं हुई है। बिजली महंगी हो गई है। गंगा की सफाई का हाल ये है कि गंगा में मछलियां डालते ही मर जा रही हैं। इसका मतलब गंगा में ऑक्सीजन नहीं कार्बन डाईऑक्साइड बह रही है। आजम खान के सवाल पर कहा कि पूरी समाजवादी पार्टी उनके साथ है। वो जब बाहर आएंगे तो हम उनसे मिलेंगे।

ललितपुर थाने में बुलडोजर कब चलेगा- अखिलेश यादव ने कहा कि ललितपुर में एक बेटी के साथ जिस सरकार के पुलिस वालों ने दुष्कर्म किया। बुलडोजर लेकर चलने वाली सरकार ये बताए कि ललितपुर के थाने में बुलडोजर कब चलेगा। फिरोजाबाद में भी पुलिस की दबिश में महिला की जान गई। हो सकता है यहां भी पुलिस बालू के दलालों से मिली हो। हमें पुलिस पर भरोसा नहीं है।

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अगले 25 वर्षों के रोडमैप को लेकर करना होगा कामः मांडविया

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने का दायित्व केंद्र सरकार, राज्य सरकारों का है। उन्होंने ये भी कहा है कि मौजूदा समय की मांग है कि स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती और सुलभ बनाया जाए, जिससे ये सभी को मिल सकें। दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कोरोना महामारी की रोकथाम में सभी राज्यों की सरकारों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए सभी राज्य किसी न किसी बेहतर तरीके को अपना रहे हैं। हमें इस बारे में विचार करना होगा कि हम इसको सार्वभौमिक रूप से कैसे लागू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों इस बारे में विस्तार से चर्चा की गई थी। उनके मुताबिक पिछले दिनों तीन दिवसीय चिंतन शिविर के दौरान देश भर के सभी स्वास्थ्य मंत्रियों और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच अगले 25 वर्षों के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के रोडमैप पर चर्चा की गई थी। इसका आयोजन गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को आयोजित किया गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया बताया कि सभी लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के हम सभी हितधारक हैं।

25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा 'असानी', भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी से उठा 'असानी' चक्रवात के अगले 24 घंटे में ओडिशा समुद्र तट पहुंचने की बात कही जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात का असर ओडिशा व आंध्र प्रदेश के साथ झारखंड, बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़ व अन्य प्रदेशों में रहेगा। इस दौरान कई इलाकों में भारी बारिश होने के आसार हैं। ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त पीके जेना ने बताया कि चक्रवात 'आसनी' वर्तमान में दक्षिण पूर्व अंडमान में है जो उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। 10 मई तक उसी दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीद है। बाद में, यह विशेष रूप से ओडिशा के समानांतर आगे बढ़ेगा। 11 मई शाम तक पुरी के दक्षिण में पहुँचेगा। मौसम विज्ञान विशेषज्ञ उमाशंकर दास ने कहा है कि चक्रवात असानी पिछले 6 घंटे से 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर दिशा में गति कर रहा है, चक्रवात असानी पुरी से दक्षिण-दक्षिण पूर्व दिशा में 680 किमी व विशाखापट्टनम से दक्षिण पूर्व दिशा में 580 किमी की दूरी पर है, अगले 48 घंटे में चक्रवाती तूफान के कमजोर होने की संभावना है। मंगलवार की शाम तक चक्रवात असानी उत्तर आंध्र प्रदेश व ओडिशा के समीप समुद्र में पहुंचेगा, हालांकि यहां से यह उत्तर पूर्व की दिशा में आगे बढ़ जाएगा। ओडिशा में स्थल भाग से नहीं टकराएगा। हालांकि चक्रवात के प्रभाव से दो दिन तटीय ओडिशा में तेज हवा के साथ भारी बारिश होगी, ऐसे में सभी बंदरगाहों में एक नंबर खतरे का निशान लगा दिया गया है। इसके प्रभाव से सोमवार से ओडिशा व आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्र में समुद्र अशांत रहेगा, मंगलवार शाम को हल्की बारिश होगी। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि यह चक्रवात ओडिशा में स्थल भाग से नहीं टकराएगा। हालांकि, चक्रवात के प्रभाव की आशंका को देखते हुए भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं 10, 11 और 12 मई को तटीय ओडिशा में तेज हवा के साथ भारी बारिश की आशंका को देखते हुए सभी बंदरगाहों पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। साथ ही नौ से 11 मई तक मछुआरों को समुद्र की ओर नहीं जाने की सलाह दी गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, चक्रवात के प्रभाव से नौ मई से ओडिशा एवं आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्र में सागर अशांत रहेगा। वहीं, 10 मई शाम को हल्की बारिश होगी। हालांकि, इस दौरान ओडिशा के गजपति, गंजाम एवं पुरी जिले में भारी बारिश होने की संभावना है। 11 मई को गंजाम, खुर्दा, पुरी, जगतसिंहपुर एवं कटक जिले में भी भारी बारिश होगी। इसी तरह 12 मई को पुरी, जगतसिंहपुर, कटक, केंद्रापड़ा, भद्रक, बालेश्वर जिले में भारी बारिश होगी। इस दौरान 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2-3 घंटों तक पश्चिम बंगाल के हावड़ा, कोलकाता, हुगली और पश्चिम मिदनापुर जिलों में आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश की संभावना है। आंधी-तूफान के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने टैगोर, गोखले और महाराणा प्रताप को दी श्रद्धांजलि, कहा-लाखों लोगों को आज भी मिलती हैं इनसे प्रेरणा

नई दिल्ली। आज देश कई महान लोगों की जयंती मना रहा है। आज रवींद्रनाथ टैगोर, गोखले और महाराणा प्रताप की जयंती है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके विचार और कार्य लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं। मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले और बहादुर मेवाड़ राजा महाराणा प्रताप को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। टैगोर को याद करते हुए मोदी ने कहा, "मैं गुरुदेव टैगोर को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। विचार और कार्य में, वे लाखों लोगों को प्रेरित करते रहते हैं। उन्होंने हमें अपने राष्ट्र, संस्कृति पर गर्व करना सिखाया। उन्होंने शिक्षा, सीखने और सामाजिक सशक्तिकरण पर जोर दिया। हम भारत के लिए उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा आज गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।

गुरुदेव एक प्रतिष्ठित कवि, लेखक, महान दार्शनिक, समाज सुधारक और शिक्षाविद थे। उनके कार्य दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। साथ ही उपराष्ट्रपति ने गोपाल कृष्ण गोखले की जन्म जयंती पर उन्हें याद किया। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि स्वाधीनता आंदोलन के अग्रणी नेता, उदारवादी चिंतक, प्रख्यात समाज सुधारक गोपाल कृष्ण गोखले जी की जन्म जयंती पर राष्ट्र और समाज के उत्कर्ष के लिए उनके प्रयासों को सादर प्रणाम करता हूं। हमारे नायकों की राष्ट्रनिष्ठा सदैव हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी।

शोपियां में सुरक्षाबलों-आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी, दो से तीन आतंकी घेरे

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के हेफ शिरमल इलाके में आतंकवादियों और सरकारी बलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने यहां तलाशी अभियान चलाया हुआ था। सुरक्षाबलों को अपने नजदीक आते देख आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। जवान भी जवाबी फायरिंग कर रहे हैं। सुरक्षाबलों का कहना है कि दो से तीन आतंकवादी हो सकते हैं। फिलहाल दोनों से गोलीबारी जारी है। पुलिस ने बताया कि दोपहर को जिला शोपियां के हेफ शिरमल इलाके में दो से तीन आतंकवादियों के देखे जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही एसओजी के जवान सेना व सीआरपीएफ के संयुक्त दल के साथ इलाके में पहुंचे और आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी। सुरक्षाबलों का दल जैसे ही आतंकवादियों के ठिकाने के नजदीक पहुंचा, उन्होंने जवानों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी अपना मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग करना शुरू कर दिया। इस बीच आतंकवादियों को आत्मसमर्पण

करने के लिए भी कहा जा रहा है परंतु आतंकियों की ओर से लगातार गोलीबारी जारी है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक ये तीनों आतंकी स्थानीय बताए जा रहे हैं। इनका संबंध लश्कर-ए-तैयबा से होने की बात भी कही जा रही है परंतु अधिकारिक तौर पर अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। गोलीबारी के बीच आम लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर भी पहुंचाया जा रहा है।

दो युवकों की गंगा में डूबने से मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बारा गहमर थाना क्षेत्र के बारा पीपा पुल के पास शौच करने गए दो युवको की गंगा में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर कार्यवाही में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवराई तहसील क्षेत्र के बारा गांव के टेकुरिया पर निवासी मनीष यादव 18 वर्ष पुत्र चक्रधारी यादव अपनी बुआ के लड़के सुहवल थाना क्षेत्र के सुजानपुर निवासी बब्बी यादव 19 पुत्र शैलेंद्र यादव के साथ सोमवार की सुबह शौच करने के लिए घर से करीब 500 मीटर दूर बारा गांव के पीपा पुल के पास गए हुए थे। इस बीच पैर फिसलने से बब्बी यादव गहरे पानी में चले गए। बब्बी को डूबते हुए देख मनीष भी नदी में कुदकर उसे बचाने चला गया। इस दौरान दोनों गहरे पानी में डूब गए। कुछ पशु चरवाहों की डूबते हुए युवकों पर नजर पड़ी उन्होंने शोर शराबा मचाना शुरू कर दिया। मौके पर देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से करीब 2 घंटे बाद गहरे पानी से दोनों के शव को बाहर निकाला गया। गहरे पानी में डूबने से दोनों युवकों की मौत हो गई। सूचना पाकर बदहवास होकर मौके पर पहुंचे परिवारीजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। उधर गहमर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों के शव को पंचनामा करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई। पीपीएस विधि भूषण मौर्य ने बताया कि बारा पीपा पुल के पास दो युवकों के डूबने की सूचना मिली है, मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव बरामद कर लिया गया हैं। पंचनामा कर पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

अमृतसर सेक्टर में बीएसएफ ने फायरिंग कर गिराया पाकिस्तानी ड्रोन, सर्च अभियान में मिली 10 किलो हेरोइन

अमृतसर। सीमा सुरक्षा बल ने अमृतसर सेक्टर के दाओके व भरोवाल पोस्ट के मध्य पाकिस्तान तस्करों द्वारा भेजे गए ड्रोन को गिरा दिया है। ड्रोन खेतों में गिरा। जांच के दौरान इसमें एक बोरा लटका

मिला, जिसमें हेरोइन के नौ पैकेट बरामद किए गए। यह ड्रोन चाइना मेड क्वाडकाप्टर डीजेआई मैट्रिस-300 है। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ड्रोन की जांच की जा रही है। यह भी देखा जा रहा है कि कहीं इसमें कैमरा तो इंस्टाल नहीं किया गया था। पैकेटों में 10.67 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पीले रंग के पैकेटों के ऊपर टेप चढ़ाकर हेरोइन रखी गई थी। बहरहाल, बीएसएफ द्वारा एरिया में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। आपको बता दें कि इस वर्ष अप्रैल व मई माह में बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर ने राज्य की अलग-अलग सीमा क्षेत्रों से नशे की 12वीं खेप बरामद की है।

विजय दिवस परेडः पुतिन ने यूक्रेन में रूसी कार्रवाई की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध से की, कहा- पश्चिमी देशों को सही समय पर दिया गया उचित जवाब

मॉस्को। यूक्रेन से जंग के बीच रूस अपना 77वां विजय दिवस मना रहा है। इसी दिन रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में जीत की घोषणा की थी। सोमवार को 77वें विजय दिवस को संबोधित करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में रूस की कार्रवाई की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुई सोवियत लड़ाई से की। उन्होंने कहा, यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई पश्चिमी देशों की नीतियों के खिलाफ सही समय पर दिया गया उचित जवाब है। रूस, यूक्रेन में अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हर वह चीज करें जिससे दुनिया में युद्ध फिर दोबारा न हो। अपने भाषण में पुतिन ने कहा, नाटो हमारी सीमा पर रूस के लिए खतरा पैदा कर रहा है। यूक्रेन में रूसी सैनिक पूरी तरह से अस्वीकार्य खतरे का सामना कर रहे हैं। हम अपनी जमीन के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, यूक्रेन परमाणु हथियारों की ओर बढ़ रहा है। हमने प्रण किया है कि रूस हिटलर की तरह यूक्रेन को भी जंग में पराजित कर देगा। इस जंग में जीत हमारी ही होगी। इस दौरान यूक्रेन जंग में मारे गए रूसी सैनिकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। रूस में विजय दिवस के मद्देनजर शहरों की सड़कें लाल रंग के सोवियत झंड़ों और नारंगी-काले रंग की धारीदार सैन्य रिबन से पटी हुई हैं। ग्रेट पैट्रियॉटिक वॉर से जुड़े स्मारकों पर पूर्व सैनिकों के समूह पुष्पांजलि

अर्पित कर रहे हैं। रूस में द्वितीय विश्व युद्ध को ग्रेट पैट्रियॉटिक वॉर के तौर पर जाना जाता है। विजय दिवस यानी 1945 में नाजी जर्मनी की हार का जश्न मनाने के लिए सोमवार को होने वाले समारोह की तैयारियां पहली नजर में पिछले वर्षों की तरह ही नजर आती हैं। लेकिन इस साल माहौल बहुत अलग है, क्योंकि रूसी सैनिक एक बार फिर युद्ध लड़ रहे हैं और प्राणों की आहुति दे रहे हैं। पड़ोसी देश यूक्रेन में जारी यह युद्ध 11वें हफ्ते में प्रवेश कर गया है। रूस सरकार ने इसे नाजियों के खिलाफ युद्ध बताया है। रूस के सबसे महत्वपूर्ण अवकाश के साथ जुड़े इस गौरव और देशभक्ति को आमतौर पर सैनिकों और सैन्य उपकरणों की रेड स्क्वायर से होकर गुजरने वाली बड़ी परेड के साथ मनाया जाता है। कुछ रूसियों को डर है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस मौके का इस्तेमाल यूक्रेन पर युद्ध की घोषणा करने के लिए करेंगे, जबकि पहले वह इसे यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान कहते रहे हैं। यूक्रेन के खुफिया प्रमुख कायरिलो बुडानोव ने कहा कि मॉस्को गुप्त रूप से ऐसी योजना की तैयार कर रहा है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वालेस ने एलबीसी रेडियो से कहा कि पुतिन ऐसी जमीन तैयार कर रहे हैं, जिसमें वह कह सकें कि देखो, यह नाजियों के खिलाफ युद्ध है तथा इसमें मुझे और लोगों की जरूरत है। बहरहाल, क्रेमलिन ने ऐसी किसी भी योजना से इनकार करते हुए इन खबरों को गलत और बेतुका बताया है।

तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में लारी-आटो ट्राली की टक्कर, 9 लोगों की मौत, पीएम मोदी ने जताया दुख

कामारेड्डी। तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां लारी और आटो ट्राली की टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक हादसा निजामसागर के हसनपल्ली गेट के पास हुआ। दुर्घटना में 9 लोगों की मौत हुई है और 17 लोग घायल हुए हैं। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी चालक की पहचान कर ली गई है।

9 लोगों की मौत, 17 हुए घायल- दरअसल, कामारेड्डी के पुलिस अधीक्षक श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि हादसा करीब पांच बजे के आसपास हुआ। मृतक लोग येलारेड्डी से एक समारोह से लौट रहे थे, तभी निजामसागर जोन के हसनपल्ली गेट पर उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। जिसमें 9 लोगों की जान चली गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक श्रीनिवास रेड्डी के मुताबिक, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी लारी चालक की पहचान कर ली गई है। हम उसे जल्द ही पकड़ लेंगे।

पीएम मोदी ने जताया हादसे पर दुख- वहीं, पीएम मोदी ने लारी और आटो ट्राली की टक्कर में 9 लोगों की मौत पर दुख जताया है। पीएम ने ट्वीट कर शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है। इसी के साथ पीएम ने ढटठफ्क्ष की ओर से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को भी 50,000 रुपए की मदद देने का एलान किया है। आपको बता दें कि हादसे में जिन लोगों की मौत हुई है। उनकी पहचान पुलिस ने कर ली है। मृतकों में अंजव (35 वर्ष), वीरमणि (35 वर्ष), लछव्वा (60 वर्ष), सयाव्वा (38 वर्ष), सैलू (35 वर्ष), एलैया (53 वर्ष), पोशैया (60 वर्ष), गंगव्वा (45 वर्ष) और वीरव्वा (70 वर्ष) शामिल है। फिलहाल हादसे में घायल हुए लोगों का इलाज चल रहा है।

संपादकीय

न्यायपालिका राजनैतिक दबाव में !

दिल्ली के भाजपा नेता तेजिंदर पाल की गिरफ्तारी को लेकर मोहाली के सीजेएम की कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ। इसके तुरन्त बाद पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में उक्त आदेश को चुनौती देने वाली याचिका देर शाम दायर की गई। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने देर रात याचिका पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने सीजेएम कोर्ट से जारी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा सरकार के बीच पिछले कई दिनों से तेजिंदर पाल सिंह बग्गा की गिरफ्तारी को लेकर राजनीति हो रही है। तेजिंदर पाल सिंह बग्गा के इस बयान पर चाहे जितनी एफआईआर कर लो, हम झुकेंगे नहीं। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा देर रात याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेएम के गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगा दी है। उससे तेजिंदर पाल की ताकत और रसूख का अंदाजा लगाया जा सकता है। कुछ इसी तरह की घटना राजस्थान सरकार की शिकायत पर एक टीवी चैनल न्यूज 18 के एंकर अमन चौपड़ा के खिलाफ राजस्थान की एक अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। वारंट जारी होने के कुछ घंटों के अंदर ही राजस्थान हाईकोर्ट ने सेशन कोर्ट के गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगा दी। उक्त टीवी चैनल के एंकर ने अपने कार्यक्रम में अलवर जिले के राजगढ़ में 300 साल पुराने मंदिर को गिराने के लिए राजस्थान सरकार की बदला लेने की कार्यवाही बताया था। अमन चौपड़ा ने यह भी कहा था कि जहांगीरपुरी दिल्ली की मस्जिद पर बुलडोजर चलने के बाद राजस्थान की सरकार द्वारा बदला लेने के लिए 300 साल पुराना मंदिर ढहा दिया गया। एंकर की इस कवरेज से साम्प्रदायिक उत्तेजना को लेकर राजस्थान पुलिस ने दंगा भड़काने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। राजस्थान पुलिस ने सेशन कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी कराया था। वारंट जारी होने के बाद राजस्थान पुलिस ग्रेटर नोयडा पहुंचती और राजस्थान पुलिस अमन चौपड़ा को गिरफ्तार करती, इसके पहले ही राजस्थान हाईकोर्ट का आदेश पहुंच गया। इस आदेश में अमन चौपड़ा की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई है। राजस्थान पुलिस के ग्रेटर नोयडा पहुंचते ही उ.प्र. की पुलिस ने राजस्थान पुलिस को उसी तरह से घेर रखा था। जिस तरह हरियाणा पुलिस ने पंजाब की पुलिस को घेरकर पंजाब पुलिस से तेजिंदर पाल बग्गा को अपने कब्जे में लेकर दिल्ली पुलिस को सौंप दिया था। पंजाब एवं राजस्थान हाईकोर्ट की त्वरित सुनवाई और गिरफ्तारी पर त्वरित रोक आदेश को लेकर जनसामान्य के मन में यह धारणा बनने लगी है कि न्यायपालिका भी राजनैतिक दबाव में तो काम करने विवश नहीं हो रही है। इस धारणा को इस बात से भी बल मिलता है कि राजस्थान सेशन कोर्ट के न्यायाधीश ने जब गिरफ्तारी वारंट जारी किया होगा, तो वहां तथ्यों का परीक्षण कर ही आदेश जारी किया होगा। गिरफ्तारी के बाद भी हाईकोर्ट जमानत दे सकती थी। बिना दूसरे पक्ष को सुने जिस तरह से पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट एवं राजस्थान हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगाई है, उसके बाद यह धारणा बनने लगी है, क्या न्यायपालिका भी राजनैतिक दबाव में आ गई है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों के संघीय ढांचे को लेकर जो विवाद देखने को मिल रहे है, ठीक उसी तरह की स्थिति न्यायपालिका में भी दिखने लगी है। यह चिंता का विषय है।

दौलत की चाह

संत जुनैद की एक झलक पाने और उनसे ज्ञान की बातें सुनने के लिए लोग बेकरार रहते थे। पर जुनैद दुनियावी चीजों से तटस्थ और निर्लिप्त रहते थे। वह खाने-पीने और अपने कपड़े से भी बेपरवाह रहते थे। वह हर समय घूमते रहते थे। जहां भी रात होती वह वहीं टिक जाते। एक बार वह एक बड़े शहर के बाहर रुके तो शहर के जाने-माने एक सेठ उनके दर्शन के लिए आ पहुंचे। वह अपने साथ ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं लेकर आए थे। उन्होंने उसकी थैली जुनैद के चरणों में रख दी और हाथ जोड़कर खड़े हो गए। जुनैद ने थैली पर नजर डाली, फिर मुस्कराते हुए पूछा-क्या इसके अलावा भी आपके पास और दौलत है? सेठ जी ने प्रसन्न होकर सोचा कि जुनैद को और भी धन चाहिए। सेठ ने कहा-मेरे पास तो इससे कई गुना धन-संपत्ति और है। सेठ ने पूछा-क्या आप और दौलत पाने की ख्वाहिश रखते हैं? सेठ ने कहा- हां, हां क्यों नहीं, अब इतने से क्या होता है। थोड़ी और दौलत मिल जाए तो जिंदगी बेहतर हो जाएगी। जुनैद ने कहा- तब तो ये दौलत भी आप ही रख लीजिए। इसकी असल जरूरत तो आपको ही है। आपको और धन-संपत्ति चाहिए। इतना आप मुझे ही दे देंगे तो आपका खजाना थोड़ा खाली हो जाएगा। जिसके पास सब कुछ हो लेकिन और पाने की चाह हो, उसके दान का भी कोई अर्थ नहीं है। यह सुनकर सेठ जी लज्जित हो गए। उन्होंने जुनैद से वादा किया कि वह अब और दौलत के पीछे नहीं भागेंगे।

आखिर क्यों गहरा रहा है देश में बिजली का संकट?

भीषण गर्मी के बीच बिजली की तेजी से बढ़ती मांग के कारण देश के कई राज्यों में बिजली की कमी का संकट गहरा रहा है। बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही थर्मल पावर प्लांटों में कोयले की खपत तेजी से बढ़ी है और इसी कारण कुछ राज्यों के बिजली संयंत्रों में कोयले का स्टॉक घट रहा है। दरअसल गर्मी के कारण कई बिजली कम्पनियों में बिजली की मांग में वृद्धि हुई है और जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, बिजली की मांग में भी उसी तेजी से वृद्धि हो रही है। कोरोना लॉकडाउन के बाद बड़ी मुश्किल से पटरी पर लौट रही औद्योगिक गतिविधियों के कारण उद्योगों में भी बिजली की खपत बढ़ी है, इससे भी बिजली की मांग बढ़ रही है लेकिन मांग के अनुरूप पावर प्लांटों में कोयले का स्टॉक नहीं है। कोयले की कमी के संकट को लेकर कोल इंडिया स्वीकार चुकी है कि गर्मी शुरू होने के साथ ही देश के बिजली संयंत्रों में कोयला भंडार नौ साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि संघीय दिशा-निर्देशों के अनुसार बिजली संयंत्रों में कम से कम 24 दिनों का कोयला स्टॉक होना चाहिए।

आंकड़े देखें तो महाराष्ट्र में करीब 28 हजार मेगावाट बिजली की मांग है, जो गत वर्ष के मुकाबले 4 हजार मेगावाट ज्यादा है। उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना इत्यादि राज्य भी इस समय कोयले की किल्लत से जूझ रहे हैं, जिस कारण कुछ राज्यों में कुछ पावर प्लांटों में तो बिजली उत्पादन ठप्प हो गया है तो कुछ प्लांटों में बिजली उत्पादन अपेक्षाकृत कम हो पा रहा है। केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण (सीईए) के मुताबिक देश में 173 बिजली संयंत्रों में से 155 गैर-पिथेड बिजली संयंत्र हैं, जहां पास में कोई कोयला खदान नहीं है और इनमें औसतन कोयले का करीब 28 फीसदी स्टॉक है जबकि कोयला खदानों के पास स्थित 18 पिथेड संयंत्रों का औसत स्टॉक सामान्य मांग का 81 फीसदी है। पिछले साल अक्तूबर माह में भी बिजली की मांग करीब एक फीसदी बढ़ जाने के कारण कोयला संकट के चलते बिजली संकट गहराया था और तब यह भी स्पष्ट हुआ था कि बिजली संयंत्रों को कोयले की वांछित आपूर्ति नही होने के अलावा कई नीतिगत खामियां भी बिजली संकट का प्रमुख कारण हैं।

कोरोना काल से पहले अगस्त 2019 में देश में बिजली की खपत 106 बिलियन यूनिट थी, जो करीब 18 फीसदी बढ़ोतरी के साथ अगस्त 2021 में 124 बिलियन यूनिट दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च 2023 तक देश में बिजली की मांग में 15.2 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो सकती है, जिसे पूरा करने के लिए कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को उत्पादन में 17.6 फीसदी वृद्धि करनी होगी। देशभर में कुल बिजली उत्पादन का 70-75 फीसदी कोयला आधारित संयंत्रों से ही होता है और कोल इंडिया द्वारा रिकॉर्ड कोयला उत्पादन भी किया जा रहा है लेकिन फिर भी मांग और आपूर्ति का अंतर कम नहीं हो पा रहा है। देश में करीब 80 फीसदी कोयले का उत्पादन कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा किया जाता है और उसने इस वित्त वर्ष में कोयला आपूर्ति को 4.6 फीसदी बढ़ाकर 565 मिलियन टन करने का लक्ष्य रखा है। कोल इंडिया का कहना है कि वैश्विक कोयले की कीमतों और माल ढुलाई लागत में वृद्धि से आयात होने वाले कोयले से बनने वाली बिजली में कमी आई है।

केन्द्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी के मुताबिक 2012-22 में देश में कुल कोयला उत्पादन 8.5 फीसदी बढ़कर 77.72 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि यदि वाकई कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है तो फिर बिजली संयंत्र कोयले की भारी कमी से क्यों जूझ रहे हैं और यदि कोयले की कमी नहीं है तो बिजली उत्पादन में गिरावट क्यों आ रही है? बिजली संयंत्रों तक कोयला पहुंचाने के लिए रेलगाड़ियों की कमी भी बिजली संकट गहराने का कारण बनी रही है। कोयला खदानों से पावर प्लांटों तक कोयला पहुंचाने के लिए रेलवे में रैक (डिब्बों) की कमी एक अहम कारण रहा है। एक बड़ी समस्या यह भी है कि कोरोना महामारी के कारण कई राज्यों की वित्तीय स्थिति खस्ता हुई है, जिससे उनके स्वामित्व वाली बिजली वितरण कम्पनियां (डिस्कॉम) बिजली उत्पादन कम्पनियों को बकाया चुकाने की स्थिति में नहीं हैं। माना जा रहा है कि केन्द्र तथा कोयला बहुल गैर-भाजपा शासित सरकारों के बीच भुगतान को लेकर तनातनी और बिजली उत्पादन कम्पनियों द्वारा सीआईएल को अदायगी में देरी कोयला खनन में ठहराव आने का एक प्रमुख कारण है।

विदेशों से कोयले का आयात बंद करने से भी समस्या गहराई है। दरअसल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कोयले की कीमतें काफी बढ़ी हैं और बिजली संयंत्रों द्वारा कोयले का आयात इसीलिए बंद या बहुत कम किया जा रहा है क्योंकि इससे उनकी उत्पादन लागत में काफी वृद्धि हो रही है। कोयले की बढ़ती मांग के कारण बिजली मंत्रालय द्वारा कोयले का आयात बढ़ाकर 36 मिलियन टन करने को कहा गया है। बहरहाल, कोयले की कमी से बार-बार उपजते बिजली संकट से निजात पाने के लिए बिजली कम्पनियों को भी कड़े कदम उठाने की दरकार है। दरअसल बिजली वितरण में तकनीकी गड़बड़ियों के कारण कुछ बिजली नष्ट हो जाती है। वितरण प्रणाली को दुरूस्त करके बेवजह नष्ट होने वाली इस बिजली को बचाया जा सकता है। इसके अलावा लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर चोरी की जाने वाली बिजली के मामले में भी सख्ती बरतते हुए निगरानी तंत्र विकसित करते हुए बिजली की चोरी पर अंकुश लगाना होगा। बिजली संकट से स्थायी राहत के लिए अब आवश्यकता इस बात की भी महसूस होने लगी है कि देश में कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के बजाय प्रदूषण रहित सौर ऊर्जा परियोजनाओं, पनबिजली परियोजनाओं तथा परमाणु बिजली परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाए।

इस वर्ष तक सौर ऊर्जा के जरिये 100 गीगावाट बिजली पैदा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था लेकिन इस लक्ष्य को हासिल नहीं किए जा सकने के कारण भी बिजली की कमी का संकट बना है। सौर ऊर्जा क्षमता के मामले में भारत फिलहाल चीन, अमेरिका, जापान तथा जर्मनी के बाद दुनियाभर में पांचवें स्थान पर है और बिजली के समय-समय पर गहराते संकट से देश को निजात तभी मिलेगी, जब सौर ऊर्जा परियोजनाओं के जरिये लक्ष्यों को समय से हासिल किया जाए। घरों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु आसान शर्तों पर ऋण तथा सब्सिडी देने की योजना के जरिये भी बिजली की मांग कुछ हद तक कम करने में मदद मिल सकती है। ऊर्जा की कमी को विश्व बैंक द्वारा किए गए एक अध्ययन में आर्थिक विकास में बाधक बताया जा चुका है। दरअसल बिजली के समय-समय पर गहराते संकट के कारण विभिन्न राज्यों में आम नागरिकों की ही परेशानियां नहीं बढ़ती बल्कि बिजली की कमी से देश की अर्थव्यवस्था पर भी काफी बुरा असर पड़ता है।

'नागराजू की हत्या : सेक्युलर गैंग मौन क्यों?' इस विषय पर विशेष संवाद!

हिन्दुओ, जीवित रहना हो, तो लड़ना सीखें, आत्मरक्षा करना सीखें ! - टी. राजासिंह, भाजपा विधायक, तेलंगाना

भारत 'सेक्युलर' राष्ट्र होने के कारण ही भाग्यनगर (हैदराबाद) के हिन्दू युवक नागराजू की दिनदहाडे हत्या हुई । जब तक भारत अखंड 'हिन्दू राष्ट्र' नहीं बनता, तब तक हिन्दू इसी प्रकार मारे जाएंगे । नागराजू की हत्या करनेवाले मुसलमान होने के कारण उन पर कोई कार्यवाही नहीं होगी, अपितु तेलंगाना सरकार और एम.आई.एम. दल उन्हें बचाने का प्रयत्न करेंगे । जिस समय नागराजू को मारा जा रहा था, तब वहां उपस्थित 90 प्रतिशत हिन्दू शांत थे । हिन्दू लडना नहीं चाहते, अपितु मरने के लिए तैयार हैं । हिन्दू आज 'सेक्युलर' बन गए हैं तथा वे 'हिन्दू -मुसलमान भाईभाई' की विचारधारा रखकर जी रहे हैं । ऐसे 'सेक्युलर' हिन्दू ध्यान रखें कि, कल ये धर्मांध आपकी बहन, पुत्री और माता को घर से उठाकर ले जाएंगे । इसलिए हिन्दुओ, जीवित रहना हो, तो लडना सीखें, आत्मरक्षा करना सीखें । अन्यथा आनेवाले समय में आपको मस्तक पर तिलक लगाने के लिए विचार करना पडेगा, ऐसा स्पष्ट प्रतिपादन

तेलंगाना स्थित गोशामहल के भाजपा के विधायक श्री. टी. राजासिंह ने किया है । हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा 'नागराजू की हत्या : सेक्युलर गैंग मौन क्यों ?' इस विषय पर आयोजित ऑनलाइन 'विशेष संवाद' में वे बोल रहे थे ।

इस अवसर पर 'द लीगल हिन्दू' के राष्ट्रीय सहसंस्थापक श्री. समीर चाकू ने कहा कि, जिस नागराजू की निघृण हत्या हुई है, वह हिन्दू होने के कारण कांग्रेस के राहुल गांधी, 'आप' के अरविंद केजरीवाल, वामपंथी, सेक्युलर दल वहां मिलने नहीं जाएंगे; क्योंकि वे धर्म-जाति आधारित राजनीति करते हैं । प्रसारमाध्यम भी उसका विशेष प्रसार नहीं करेंगे । इसलिए हिंदुओं को स्वरक्षा के लिए लडना सीखना चाहिए । इस समय बजरंग दल के मुंबई के भूतपूर्व संयोजक श्री. उमेश गायकवाड ने कहा कि, केवल नागराजू की ही नहीं, इससे पूर्व देशभर में अनेक हिन्दुओं की हत्या हुई है, इनके पीछे बडा षड्यंत्र है । अब तो आतंकवादी, खालिस्तानी और नक्सलवादी एकत्रित आ गए हैं । मुंबई में एक पूछताछ में सामने आया है कि, वर्ष 2024 में देश में बडा दंगा करवाने का षड्यंत्र चल रहा है । एक बडा संघर्ष होनेवाला है । इसलिए हिंदुओं को व्यवस्था के साथ रहकर लडना चाहिए ।

इस समय हिन्दू जनजागृति समिति के प्रवक्ता श्री. नरेंद्र सुर्वे ने कहा कि, भारत में हिन्दुओं की हत्या कर हिंदुओं को ही बदनाम करने का जागतिक षड्यंत्र चल रहा है । हिन्दुओं की हत्या करनेवाले मुसलमानों को छुडवाने के लिए 'जमियत-ए-उलेमा' संगठन आर्थिक सहायता कर रहा है । केरल और कर्नाटक राज्यों में 'पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया' ने अनेक हिन्दुओं की हत्या की है । इसलिए इस संगठन पर केंद्र को प्रतिबंध लगाना चाहिए । हिंदुओं को अब स्वरक्षा के लिए जागृत होना चाहिए । निद्राधीन हिन्दुओं को विविध प्रकार के जिहाद की जानकारी तथा स्वधर्म की शिक्षा देकर जागृत करना चाहिए ।

कितने सुरक्षित हैं विद्युत वाहन

हाल में बिजली चालित वाहनों में आग की घटनाएं जिस तेजी से बढ़ी रही हैं, उससे सुरक्षा संबंधी सवाल खड़ा हो गया है। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि भले ही पर्यावरण के लिहाज से बिजली चालित वाहन आज की जरूरत हैं, लेकिन क्या बिना उचित परीक्षण अथवा जांच-परख के ही इन्हें केवल वाहवाही लूटने के लिए सड़कों पर उतार दिया गया? ऊर्जा संकट के मद्देनजर और प्रदूषण कम करने के लिए सरकार देश में विद्युत चालित वाहनों (ई-वाहन) को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए खरीद में रियायत और करों में छूट जैसे कदम उठाए गए हैं। इससे लोगों में इन वाहनों के प्रति उत्साह बढ़ा है। इस समय करीब ग्यारह लाख ई-वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। फेडरेशन आफ आटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के मुताबिक वित्त वर्ष 2021-22 में ही चार लाख से ज्यादा ई-वाहनों की बिक्री हुई। खासतौर से बैटरी से चलने वाले स्कूटरों की मांग तो काफी तेजी से बढ़ रही है। इस साल केवल मार्च महीने में ही करीब चालीस हजार ई-स्कूटरों की बिक्री हुई थी। अप्रैल में यह आंकड़ा और बढ़ गया। इसका एक कारण यह भी है कि पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण भी लोग ई-वाहनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। लेकिन इसके साथ ही एक बड़ा खतरा भी डराने लगा है। हाल में बिजली चालित वाहनों में आग की घटनाएं जिस तेजी से बढ़ी रही हैं, उससे सुरक्षा संबंधी सवाल खड़ा हो गया है। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि भले ही पर्यावरण के लिहाज से बिजली चालित वाहन आज की जरूरत हैं, लेकिन क्या बिना उचित परीक्षण अथवा जांच-परख के ही इन्हें केवल वाहवाही लूटने के लिए सड़कों पर उतार दिया गया? पिछले हफ्ते भोपाल में एक इंजीनियरिंग छात्र उस समय हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गया जब स्कूटर चालू करते समय उसमें आग लग गई।

मातृ दिवस: मां हैं प्रेम, संवेदना और मातृत्व की पराकाष्ठा

सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, लेकिन आज आधुनिक दौर में जिस तरह से मदर्स डे मनाया जा रहा है, उसका इतिहास भारत में बहुत पुराना नहीं है। इसके बावजूद दो-तीन दशक से भी कम समय में भारत में मदर्स डे काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

मातृ दिवस-समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का उत्सव है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। मातृ दिवस सभी माताओं का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। एक बच्चे की परवरिश करने में माताओं द्वारा सहन की जानें वालीं कठिनाइयों के लिये आभार व्यक्त करने के लिये

यह दिन मनाया जाता है। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है।

मां-इस लघु शब्द में प्रेम की विराटता-समग्रता निहित है। अणु-परमाणुओं को संघटित करके अनगिनत नक्षत्रों, लोक-लोकान्तरों, देव-दनुज-मनुज तथा कोटि-कोटि जीव प्रजातियों को मां ने ही जन्म दिया है। मां के अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि मां ही प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रेम की यह चरमता केवल माताओं में ही नहीं, वरन् सभी मादा जीवों में देखने को मिलती है। अपने बच्चों के लिए भोजन न मिलने पर हवासिल (पेलिकन) नाम की जल-पक्षिनी अपना पेट चीर कर अपने बच्चों को अपना रक्त-मांस खिला-पिला देती है।

कितनी दयनीय बात है कि देश ने स्त्री की शक्ति के रूप में अवधारणा दी, जिसने पुराणों के पृष्ठों में देवताओं को 4 या 8 हाथ दिये किन्तु देवियों को 108 हाथ दिये, उसी ने स्त्रियों को पुरुषों से नीचा स्थान दिया और उन्हें वेद पढ़ने के अधिकार से वंचित कर दिया और सबसे शोचनीय बात यह है कि उन्हें चारदिवारी में बंद कर दिया। मां को उसकी दैवी सम्मान दिलाना वर्तमान युग की सबसे बड़ी आवश्यकता में से एक है।

मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां केवल जन्मदात्री ही नहीं जीवन निर्मात्री भी है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया। उस आदिमयुग में भी मां, मां ही थी। तब भी वह अपने बच्चों को जन्म देकर उनका पालन-पोषण करती थीं। उन्हें अपने अस्तित्व की रक्षा करना सिखाती थी। आज के इस आधुनिक युग में भी मां वैसी ही है। मां नहीं बदली। विक्टर ूगो ने मां की महिमा इन शब्दों में व्यक्त की है कि एक माँ की गोद कोमलता से बनी रहती है और बच्चे उसमें आराम से सोते हैं।

मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सच तो यह है कि मां विधाता से कहीं कम नहीं है। क्योंकि मां ने ही इस दुनिया को सिरजा और पाला-पोशा है। कण-कण में व्याप्त परमात्मा किसी को नजर आये न आए मां हर किसी को हर जगह नजर आती है। कहीं अण्डे सेती, तो कहीं अपने शावक को, छोने को, बछड़े को, बच्चे को दुलारती हुई नजर आती है। मां एक भाव है मातृत्व का, प्रेम और वात्सल्य का, त्याग का और यही भाव उसे विधाता बनाता है।

मां विधाता की रची इस दुनिया को फिर से, अपने ढंग से रचने वाली विधाता है। मां सपने बुनती है और यह दुनिया उसी के सपनों को जीती है और भोगती है। मां जीना सिखाती है। पहली किलकारी से लेकर आखिरी सांस तक मां अपनी संतान का साथ नहीं छोड़ती। मां पास रहे या न रहे मां का प्यार दुलार, मां के दिये संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं। मां ही अपनी संतानों के भविष्य का निर्माण करती हैं। इसीलिए मां को प्रथम गुरु कहा गया है।

प्रथम गुरु के रूप में अपनी संतानों के भविष्य निर्माण में मां की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मां कभी लोरियों में, कभी झिड़कियों में, कभी प्यार से तो कभी दुलार से बालमन में भावी जीवन के बीज बोती है। इसलिए यह आवश्यक है कि मातृत्व के भाव पर नारी मन के किसी दूसरे भाव का असर न आए। जैसाकि आज कन्याभ्रूणों की हत्या का जो सिलसिला बढ़ रहा है, वह नारी-शोषण का आधुनिक वैज्ञानिक रूप हैं तथा उसके लिए मातृत्व ही जिम्मेदार है। कन्याभ्रूणों की बढ़ती हुई हत्या एक ओर मनुष्य को नृशंस करार दे रही है, तो दूसरी ओर स्त्रियों की संख्या में भारी कमी मानविकी पर्यावरण में भारी असंतुलन उत्पन्न कर रही है। अन्तर्राष्ट्रीय मातृ-दिवस को मनाते हुए मातृ-महिमा पर छा रहे ऐसे अनेक धुंधलों को मिटाना जरूरी है, तभी इस दिवस की सार्थकता है।

मृदा परीक्षण का मृदा उर्वरता में महत्व

भूमि की उर्वरता किसी भी राष्ट्र के लिए बहुत महत्व रखती है किसी भी देश की सभ्यता का अंदाजा वहां के भूमि के सदुपयोग या दुरूपयोग से लगाया जा सकता है। हमारी जनसंख्या दिन पर दिन बढती है। जबकि हमारी कृषि योग्य भूमि सिकुडती जा रही है। हमारे पास ऐसा कोई साधन नहीं है। जिससे कि हम भूमि का क्षैतिज विस्तार कर सके अब यह हमारे ऊपर निर्भर करता है। कि हम इनका उपयोग किस प्रकार करे क्योंकि ये हम सभी जानते है। कि सभी वनस्पतियों तथा प्राणियों का जीवन इसी पर टिका हुआ है। आज के युग में जब कृषि भी एक व्यापार बन गया है, मृदा उर्वरता का महत्व और अधिक बढ जाता है। मूल्यवान उर्वरकों एवं जैविक खादों के संरक्षित तथा उचित उपयोग का मार्ग भी मृदा परीक्षण के ज्ञान से ही संभव है।

मृदा परीक्षण के उददेश्य एवं आवश्यकता

मृदा परीक्षण के निम्नलिखित उददेश्य है।

1. मृदा में आवश्यक पोषक तत्वों की मात्रा ज्ञात करना
2. मृदा परीक्षण के आधार पर फसलों के लिए संस्तति देना।
3. मृदा परीक्षण के आधार पर क्षेत्रों का मूल्यांकन करना तथा उनका उर्वरता के आधार पर मानचित्र तैयार करना।
4. समस्या ग्रस्त भूमियों के लिये मृदा सुधारकों की सही-सही मात्रा का निर्धारण करना।

पौषक तत्वों की मात्रा का निर्धारण आदि सामान्यता निम्नलिखित तथ्यों को ज्ञात करने के लिए किया जाता है।

(1) जैविक कार्बन (2) उपलब्ध नाईट्रोजन (3) उपलब्ध फास्फोरस (4) उपलब्ध पोटाश (5) मृदा पी0एच0 (6) घुलनशील (7) विधुत चालकता (8) मृदा गठन (9) फ्री0 कार्बोनेट की मात्रा एवं मृदा सुधारको की मात्रा।

मृदा परीक्षण में मिटटी के नमूने के सही होने का विशेष महत्व होता है। इसलिए मृदा का नमूना इस ढंग से लेना चाहिए कि वे जिन खेतों से लिए जाये वे उनकी मिटटियों का वास्तविक प्रतिनिधित्व कर सकें। यह इसलिए आवश्यक है क्योंकि इन्हीं जांच के परिणामों के आधार पर उर्वरक संस्तुतियां तैयार करनी होती है। किसी क्षेत्र में भली भांति वितरित भागों से यादृचिछक ढंग से मृदा का जो नमूना लिया जाता है, उसे प्राथमिक नमूना कहते है। जब प्राथमिक नमूनों को आपस में भली भांति मिला लिया जाता है। तो उसे प्रतिनिधि या संयुक्त नमूना कहते है। नमूना लेते समय खेत के ढाल तथा मिटटी के रंग व गठन, फसल प्रबंध, फसल चक्र आदि पर सावधानी पूर्वक ध्यान देना चाहिए। यदि इनके कारण खेत में असमानता हो तो जितने क्षेत्रफल में समानता हो, संयुक्त नमूना वहीं से लेना चाहिए।

ऐसी जगह से कभी मृदा नमूना नहीं लेना चाहिए जैसे रोड के पास, कीचड के गढडे, सिंचाई की नाली और खेत की बाउंड्री के पास वाली जगह या कहीं पर सख्त परत है तो उसका नमूना अलग से लेना चाहिए और मोटाई, गहराई आदि नोट कर लेनी चाहिए।

मृदा नमूने की गहराई

मृदा नमूने की गहराई फसल के प्रकार, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला की सलाह एवं कृषि पद्धतियों (ट्रेक्टर या हल से जुताई) पर निर्भर करती है। सामान्यत- सही गहराई वह होती है जहां तक पौधों की जडों को अधिकांशत- पोषण प्राप्त होता है। जो कि फसलों के अनुसार अलग-अलग होती है। मृदा परीक्षण के लिए 0-15 सेमी0 तक गहराई से नमूने एकत्र किये जाते है। परंतु ट्रैक्टर आदि से जुताई गहरी होती है तो 0-20 सेमी तक की गहराई से नमूने लिये जाते है। अनाज, सब्जी व फूलों की खेती के लिये नमूना 15 सेमी. की गहराई से लेना चाहिए। गहरी जड वाली फसलों के लिये नमूने की गहराई एक फिट तक होती है। चारागाह घास के मैदान हेतू नमूना 10 सेमी. की गहराई पर लेना चाहिए। समस्याप्रद मृदाओं जैसे अम्लीय क्षारीय लवणीय मृदाओं में नमूना 0-15 सेमी. के अन्तर पर 1 मीटर तक लेना चाहिए। बागों में मृदा नमूने 15-15 सेमी गहरी पर्तो से अलग-अलग लेना ठीक रहता है। समस्याग्रस्त मिटटियों में ऐसे स्थानों से अलग नमूना लेना चाहिए जहां फसल की वृद्धि अन्य स्थानों से कम हो अथवा पोषक तत्वो की कमी के लक्षण विधमान है। साथ ही उस स्थान से भी अलग नमूना लेना चाहिए, जो इस समस्याग्रस्त स्थान से लगा हुआ है ऐसे सभी नमूने अलग-अलग एकत्र करने चाहिए। ऊसर भूमियों में भौतिक रूप से अलग दिखाई देने वाले सभी स्थानों से प्राथमिक नमूने लेने चाहिए और प्रत्येक प्रकार का प्रतिशत क्षेत्रफल मालूम करना चाहिए। कंकड या कडी परत के नमूने भी अलग से एकत्र करने चाहिए, ताकि मिटटी के भिन्न-भिन्न अवयवों को भली भांति जांच करके सिफारिश दी जा सके।

उपकरण एवं सामग्री

(1) बाल्टी (2) बरमा, (टयूब) (3) खुरपी (4) फावडा (5) पटरी (6) टैग टीन या मोटे कागज का टुकडा (7) कपडे या पालीथीन की थैली 13 सेमी0 म 25 सेमी0 लेबल के सामने (8) बेलन (9) छलनी (2 मिमी0)

नमूना एकत्र करने की विधि-

(1) यदि खेत समतल हो, पूरे खेत में एक ही फसल उगाई गयी हो तथा उर्वरकों की समान मात्रा डाली गयी हो तो पूरे खेत से एक ही संयुक्त नमूना लेना चाहिए।

(2) नमूना लेने से पहले यह आवश्यक है कि किन स्थानों से नमूना लेना है वहां की ऊपरी सतह से घास पात साफ कर देने चाहिए। नमूना एकत्र करने के लिए 15-20 यादृचिछक स्थानों का चयन करते है।

(3) सबसे पहले 15 सेमी0 गहरा गढडा बनाते है। फिर खुरपी या फावडे को सहायता से इसकी दीवार के साथ साथ पूरी गहराई तक की मिटटी की एक समान परत काटकर किसी साफ बाल्टी में एकत्र करते जाते है।

(4) मृदा नमूनों को छाया में (धूप में नहीं) सुखाना चाहिए, क्योंकि धूप में सुखाने से नमूने में उपसिथत पोषक तत्वों में अवांछनीय परिवर्तन हो जाता है। छाया में सूख जाने के बाद नमूनों के ढेले फोडकर, कंकड, पत्थर तथा खरपतवार पौधों की जडे आदि को निकालकर फेंक देते है।

(5) इसके बाद नमूने को खूब अच्छी तरह मिलाकर उसमें से लगभग 500 ग्रा0 मिटटी ले लेते है। नमूने को एक साफ कपडे की थैली में भरकर कागज या टिन के टुकडे पर खेत संख्या, कृषक का नाम व पता लिखकर एक थैली के अंदर तथा दूसरा थैली के मुंह पर बांध देना चाहिए। यदि संभव हो तो स्याही से थैली पर भी लिख देना चाहिए।

सावधानियां-

(1) खाद के गडढे, मेंढ तथा वृक्षो के नीचे से नमूना एकत्र नहीं करना चाहिए

(2) तैयार नमूना कभी खुला नहीं छोडना चाहिए

(3) मृदा नमूना खेत के उस स्थान से नहीं लेना चाहिए जहां पर उर्वरकों का बोरा रखा गया हो क्योंकि वहां पर उर्वरक का कुछ न कुछ भाग जरूर गिर जाता है।

(4) अगर किसी खेत की मृदा परीक्षण पहले किसी प्रयोग शाखा में हो चुका है तो उसका विवरण भी देना आवश्यक है।

(5) मृदा नमूनों को उर्वरकों के बोरो के पास नहीं रखना चाहिए।

(6) मृदा नमूनों को उर्वरकों के बोरो के ऊपर नहीं सुखाना चाहिए।

(7) नमूना जिस गहराई से लिया जाय, वह नमूने के पैकेट पर अंकित होना चाहिए।

मृदा उर्वरता में कमी के कारण-

- मृदा में लगातार खेती होने एवं पर्याप्त खाद उर्वरको का प्रयोग न किया जाना।
- मृदा में जैवांश जैविक कार्बन का लगातार घटता स्तर।
- प्रयोग किये जा रहे उर्वरकों के उपयोग क्षमता का कम होना
- मृदा क्षरण से पोषक तत्वों का धीरे-धीरे ह्रास।
- उर्वरकों का असंतुलित प्रयोग।
- देश के विभिन्न भाग में उर्वरको के प्रयोग में असमानता।
- सघन खेती का प्रचलन, जिससे एक साथ कई पोषक तत्वों की कमी होना।
- मृदा मे सूक्ष्म पोषक तत्वों का प्रयोग न होना।

उर्वरता बनाये रखने के लिये सुझाव-

- उर्वरकों का प्रयोग हमेशा मृदा परीक्षण के आधार पर एवं फसल विशेष की संस्तुति के अनुसार ही करें।
- उर्वरक प्रबन्धन एक फसल में न करके पूरे फसल चक्र में अपनाएं।
- फसल चक्र में हरी खाद, फसलो के अवशेष तथा दलहनी फसलो का समावेश अवश्य करें।
- दलहनी फसलो मे जैविक उर्वरकों का प्रयोग अवश्य करें।
- फसल चक्र में फसलों का चुनाव इस प्रकार करें कि प्रथम फसल से बचे हुये पोषक तत्वों का सही उपयोग हो सके एवं मृदा से पोषक तत्वों का सही अवशोषण हो सके।
- उर्वरकों का प्रयोग हमेशा संतुलित रूप में करें जिससे उर्वरक उपयोग क्षमता में वृद्धि हो सकें।
- सघन खेती मे समनिवत पोषक तत्व प्रबन्धन अपनाएं जिसमें उर्वरकों के साथ गोबर की खाद, हरी खाद, फसल अवशेषों एवं जैविक उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है।
- नत्रजन उर्वरकों का प्रयोग कई बार में करें। फास्फोरस का प्रयोग रबी वाली फसलों में करें। फसल चक्र के साथ उर्वरक चक्र भी अपनाये जिससे सही उर्वरक उपयोग क्षमता आ सकें।

फसलों को कब और कितना पिलाएँ पानी?

शीतकाल में रबी की फसलें उगाई जाती हैं। इन दिनों खेतों में मुख्य रूप से गेहूँ, चना, अलसी, सरसों, मसूर, मटर व खरीफ में बोई गई मध्य से लंबी अवधि वाली तुवर की फसलें खड़ी हैं।

कितना चाहिए पानी – रबी फसलों में सिंचित गेहूँ को 4 0 से 50 सेमी, असिंचित गेहूँ में 35 से 45 सेमी, चना, जौ, सरसों, मटर, मसूर आदि को 15 से 25 सेमी, अरहर को 20 से 25 सेमी पानी की जरूरत होती है। आलू, शकरकंद, शलजम, मूली, गाजर, चुकंदर को इससे दो से ढाई गुना तथा गन्ना को चार से पाँच गुना, बरसीम (चारा फसल) को छः से आठ गुना तक पानी चाहिए। हर फसल के जीवनकाल में कुछ समय ऐसा रहता है कि यदि उस समय पानी की कमी हो जाए तो उसे नुकसान अधिक होता है।

कब होती है पानी की जरूरत – गेहूँ में ये अवस्थाएँ शीर्ष जड़ें निकलते समय, पौधों में कल्ले निकलते समय, तने में गठान बनते समय, बालियाँ निकलते समय, दानों में दूध भरते समय और दानों में गूँथे हुए आटे के समान भराव होते समय मानी गई हैं। ये सभी अवस्थाएँ अधिक उपज देने वाली गेहूँ की प्रजातियों में 20 से 22 दिन के अंतर पर आती हैं।

कब करें सिंचाई – किसान भाई चना, मटर (देशी) और मसूर में सिंचाई फूल आने के तत्काल पहले व फली में दाने भरते समय करें। सरसों में पहली सिंचाई पौधों में शाखाएँ बनते समय और दूसरी फूल आते वक्त करें। गन्नों में सिंचाई कल्ले फूटते समय, कल्लों की बढ़वार के समय और तने में शकर बनते समय करते रहें।

मूली की खेती कर लाभ कमाएँ

भोजन की बात हो और सब्जियों व सलाद की बात न हो यह तो हो ही नहीं सकता। सलाद का नाम लेते ही हमें याद आती है मूली। सलाद में एक प्रमुख स्थान रखने वाली मूली स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत लाभकारी, गुणकारी महत्व रखती है। साधारणतः इसे हर जगह आसानी से लगाया जा सकता है।

मूली की भरपूर पैदावार के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली हल्की दुमट मिट्टी उत्तम होती है। मूली की फसल किसान भाई अल्प समय में प्राप्त कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अतः कृषक भाइयों, जिनके घरों में कुओं, ट्यूबवेलों तथा खाली पड़ी खेती की जमीन उपलब्ध है तथा आवश्यकतानुसार भूमि में नमी बनाए रखने के लिए पानी की व्यवस्था है, वे अपने यहाँ मूली की खेती कर कम समय में लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

हर मौसम में उगा सकते हैं – आज के समय में यह कहना कि मूली सिर्फ इसी मौसम में लगाई जाती है या लगाई जाना चाहिए, उचित नहीं होगा, क्योंकि मूली हमें हर मौसम व समय में उपलब्ध हो जाती है। अतः कृषक भाई चाहें तो निर्धारित समय अंतराल के साथ ही कभी भी मूली की खेती कर सकते हैं। सामान्यतः मैदानी क्षेत्रों के लिए बुवाई के लिए सितंबर से फरवरी तक का समय उत्तम होता है। 5-6 जुताई कर खेत को तैयार किया जाए। मूली की एक हैक्टेयर खेती के लिए 5-10 किग्रा बीज पर्याप्त होता है। मूली की बुवाई खेत की मेढ़ों पर की जाती है। यहाँ मेढ़ों के बीच की दूरी 45 सेमी तथा ऊँचाई 22-25 सेमी रखी जाती है। किसान भाई यह अवश्य ध्यान रखें कि मूली के बीजों का बीजोपचार अवश्य हो। इसके लिए थीरम 2.5 ग्राम प्रति किग्रा बीज के हिसाब से उपयोग कर सकते हैं।

उन्नत किस्म का चयन करें

अन्य फसलों व सब्जियों की ही तरह मूली की भरपूर पैदावार के लिए आवश्यक होता है कि कृषक भाई उन्नत जाति का चयन करें। मूली की उन्नत किस्मों में प्रमुख हैं- पूसा हिमानी, पूसा चेतवी, पूसा रेशमी, हिसार मूली नं. 1, पंजाब सफेद, रैपिड रेड, व्हाइट टिप आदि। पूसा चेतवी जहाँ मध्यम आकार की सफेद चिकनी मुलायम जड़ वाली है, वहीं यह अत्यधिक तापमान वाले समय के लिए भी अधिक उपयुक्त पाई गई है। इसी तरह पूसा रेशमी भी अधिक उपयुक्त है तथा अगेती किस्म के रूप में विशष महत्वपूर्ण है। इसी तरह अन्य किस्में भी अपना विशेष महत्व रखती हैं तथा हर जगह, हर समय लगाई जा सकती हैं।

गोबर की खाद उपयुक्त

कृषक भाइयों को सलाह दी जाएगी कि वे अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण अवश्य करवा लें। परीक्षण उपरांत ही वे अपने खेत में दी जाने वाली उर्वरकों व खाद की मात्रा निर्धारित करें। मूली की पैदावार के लिए गोबर-कचरे की कम्पोस्ट खाद का भरपूर उपयोग करें। साथ ही साधारणतः इसमें 75 किग्रा नत्रजन, 40 किग्रा फास्फोरस तथा 40 किग्रा पोटाश देना चाहिए। गोबर व गोबर कचरे से बनी कम्पोस्ट खाद खेत की तैयारी के समय ही डाल देना चाहिए। नत्रजन की आधी मात्रा तथा पोटाश व फास्फोरस की पूरी मात्रा अंतिम जुताई में दे देना चाहिए तो लाभकारी होता है। मूली की बुवाई के पश्चात यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि मेढ़ों पर खरपतवारों की बढ़त न हो। खरपतवार के लिए समय-समय पर निंदाई-गुड़ाई करते रहना चाहिए। साथ ही मेढ़ों पर मिट्टी भी चढ़ाते रहना चाहिए।

नमी का ध्यान रखें

मूली की जड़ों की अच्छी बढ़त के लिए आवश्यक है कि हम नमी का पर्याप्त ध्यान रखें। इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर सिंचाई की व्यवस्था करना चाहिए। मूली की फसल खुदाई के लिए 25 से 70 दिन में तैयार हो जाती है। विभिन्न किस्मों के पकने का समय प्रायः अलग-अलग होता है। अतः कृषक भाई खुदाई का अवश्य ध्यान रखें, क्योंकि खुदाई में थोड़ा भी विलंब जड़ों को खराब कर देता है, जो खाने योग्य नहीं रह पातीं। अतः कृषक भाई स्वास्थ्य के लिए लाभकारी सब्जियों में अपना विशेष महत्व रखने वाली सलाद का एक प्रमुख अंग मूली की खेती कर विपुल लाभ कमाएँ तथा अपनी आमदनी बढ़ाएँ।

'आइला', 'अम्फान', 'असानी' चक्रवात के नाम में क्या है?

भुवनेश्वर (भाषा)। हर साल जब किसी क्षेत्र में चक्रवात आता है तो उसका नाम कई लोगों के लिए कौतूहल का कारण बन जाता है, जो यह सोचते हैं कि तूफान का नामकरण क्यों और कैसे किया जाता है। चक्रवात के लिए 'असानी' नाम श्रीलंका ने दिया है, जो 'क्रोध' के लिए इस्तेमाल होने वाला सिंहली भाषा का शब्द है। चक्रवात 'असानी' रविवार की सुबह बंगाल की खाड़ी में बना और यह पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। लेकिन एक बार फिर वही सवाल उठता है।

संयुक्त राष्ट्र के तहत एक एजेंसी विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार, किसी विशेष भौगोलिक स्थान या दुनिया भर में एक समय में एक से अधिक चक्रवात हो सकते हैं और ये एक सप्ताह या उससे अधिक समय तक जारी रह सकते हैं। इसलिए, भ्रम से बचने, आपदा जोखिम संबंधी जागरूकता, प्रबंधन और राहत कार्य में मदद के लिए प्रत्येक उष्णकटिबंधीय तूफान को एक नाम दिया जाता है। छोटे और आसानी से बोले जाने वाले नाम सैकड़ों स्टेशन, तटीय अड्डों एवं समुद्र में जहाजों के बीच तूफान की विस्तृत जानकारी को तेजी से और प्रभावी ढंग से प्रसारित करने में सहायक होते हैं। इसमें पुराने और अधिक बोझिल अक्षांश-देशांतर पहचान विधियों की तुलना में त्रुटि की संभावना कम रहती है।

■ चक्रवात के लिए 'असानी' नाम श्रीलंका ने दिया है, जो 'क्रोध' के लिए इस्तेमाल होने वाला सिंहली भाषा का शब्द है

वर्ष 1953 से अटलांटिक उष्णकटिबंधीय तूफानों का नामकरण अमेरिका में राष्ट्रीय तूफान केंद्र द्वारा तैयार की गई सूचियों में से रखा जाता रहा। शुरुआत में तूफानों को मनमाने नाम दिए जाते थे। 1900 के मध्य से तूफानों के लिए स्त्री नामों का उपयोग किया जाने लगा। डब्ल्यूएमओ ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि मौसम विज्ञानियों ने बाद में एक अधिक संगठित और कुशल प्रणाली के माध्यम से तैयार सूची के जरिए तूफानों का नामकरण करने का फैसला किया।

दुनिया भर में छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्र (आरएसएमसी) और पांच क्षेत्रीय उष्णकटिबंधीय चक्रवात चेतावनी केंद्र हैं, जो परामर्श जारी करने और चक्रवाती तूफानों के नामकरण के लिए अनिवार्य हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) आरएसएमसी में से एक है और उसे उत्तरी हिंद महासागर के ऊपर बने ऐसे किसी चक्रवात को नाम देने का काम सौंपा गया है जब वे 62 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे अधिक की गति तक पहुंच जाते हैं। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में चक्रवातों का नामकरण सितंबर 2004 में शुरू हुआ।

नशा न होने पर लगाया मिलावटी शराब का आरोप

■ उज्जैन (मप्र), (भाषा)।

मध्यप्रदेश के उज्जैन के रहने वाले 42 वर्षीय एक व्यक्ति ने अधिकारियों से शिकायत की है कि एक दुकान से उसे कथित तौर पर मिलावटी शराब बेची गई है क्योंकि इसे पीने के बाद उसे नशा नहीं हुआ। इस शिकायत के बाद यहां के आबकारी आयुक्त ने अधिकारियों से मामले की जांच करने और तदनुसार कार्रवाई करने के लिए कहा है।

उज्जैन के बहादुर गंज इलाके के निवासी लोकेश सोठिया ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्होंने 12 अप्रैल को यहां एक दुकान से देसी शराब की चार सीलबंद बोलतें (पव्वा) खरीदीं।

सोठिया ने बताया, "मेरे दोस्त और मैंने उन बोतलों में से दो (प्रत्येक 180 मिलीलीटर) से शराब का सेवन किया, लेकिन मुझे नशा महसूस नहीं हुआ।" सोठिया पार्किंग स्थल का संचालन करता है। व्यक्ति ने दावा किया कि बोतलों में शराब के साथ पानी मिला हुआ था।

■ आबकारी आयुक्त ने अधिकारियों से मामले की जांच करने और तदनुसार कार्रवाई करने के लिए कहा है

सोठिया ने कहा, "मैंने दो अन्य बोतलों की सील अब तक नहीं खोली है और जब आवश्यक होगा तो सबूत के रूप में पेश करूंगा। खाद्य पदार्थ, तेल और अन्य चीजों में मिलावट की खबरें आती रहती हैं, लेकिन अब शराब में भी ऐसा किया जा रहा है। यह ठीक नहीं है। मैं उपभोक्ता फोरम में जाऊंगा।"

उन्होंने बताया, "मैंने मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और उज्जैन के आबकारी आयुक्त इंदर सिंह डामोर से मुझे बेची गई इस मिलावटी शराब के बारे में शिकायत की है।" इस बारे में पूछे जाने पर डामोर ने बताया, "इस प्रकरण की जांच करने का निर्देश अपने अधीनस्थ को दिया है। जांच में जो सामने आएगा, उस अनुसार कार्रवाई की जाएगी।"

सोठिया के वकील नरेंद्र सिंह धाकड़े ने बताया, "लोकेश सोठिया के साथ हुई धोखाधड़ी का प्रकरण हम उपभोक्ता फोरम में ले जा रहे हैं।" उन्होंने कहा, "मेरे मुवक्किल का 'पेड पार्किंग' का व्यवसाय है। वह बरसों से शराब पीते हैं, इसलिए उन्हें मिलावटी और असली शराब की पहचान है।"

नेपाली शेरपा ने रिकॉर्ड 26वीं बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की

काठमांडू (भाषा)। नेपाल के 52 वर्षीय एक शेरपा ने 26वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का अनूठा रिकॉर्ड बनाया है। उसने दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को सर्वाधिक बार फतह करने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। पर्वतारोहण अभियान से जुड़े लोगों ने रविवार को यह जानकारी दी। सेवन समिट ट्रेक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक डी शेरपा ने कहा कि रीता और उनके 11 शेरपा सहयोगियों के समूह ने 8,848.86 मीटर की ऊंचाई वाली चोटी पर स्थानीय समयानुसार शाम करीब सात बजे फतह हासिल की। मई से शुरू होने वाले पर्वतारोहण से पहले पर्वतारोहियों की मदद करने के लिए शेरपाओं ने ट्रेकिंग मार्ग के साथ रस्सियों को ठीक करने के लिए भी अभियान चलाया। इस साल नेपाल के पर्यटन विभाग ने एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने के लिए 316 लोगों को परमिट जारी किया है।

गर्मी में सेहत के घरेलू उपाय

डॉ. रविंद्र पोरवाल
आयुष मंत्रालय के बोर्ड सदस्य व विशेषज्ञ नेचुरोपैथ

कानपुर (एसएनबी)। गर्मी के मौसम में स्वस्थ रहने के लिए कुछ घरेलू उपाय सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. रवींद्र पोरवाल ने सुझाए हैं। डॉ. रविंद्र पोरवाल श्रीनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय भगवत दास घाट रोड सिविल लाइंस कानपुर के मुख्य चिकित्सक हैं और पिछले 30 वर्षों के आयुर्वेदिक चिकित्सा के अनुभव के आधार पर जो सरल चमत्कारी नुस्खे हैं वह जनसामान्य के हितार्थ बताएं हैं।

उल्टी और दस्त

गर्मी के मौसम में खट्टी-कड़वी डकार होना, कड़वी पित्त की हरी पीले रंग की उल्टी होना और भयंकर एसिडिटी की समस्या कभी-कभी अत्यंत जटिल हो जाती है। इससे बचने के लिए प्रातः खाली पेट एक चम्मच कच्चा जीरा चबाकर खाएं, घड़े का ठंडा पानी पी ले और उसके आधा घंटे बाद 50 ग्राम हरी धनिया और 10 छोटी गड्डी पुदीना लेकर उसका ताजा रस निकालें और जीरा खाने के आधे घंटे बाद इसे पी ले। यह उपाय एसिडिटी से तुरंत आराम दिलाता है और वर्षों से एसिडिटी की समस्या से पीड़ित लोगों व पेप्टिक व गैस्ट्रिक अल्सर के मरीजों के लिए यह नुस्खा अत्यंत लाभप्रद है, रामबाण है। यह उपाय प्रातः खाली पेट और रात्रि में सोते समय करना चाहिए।

पुरानी एसिडिटी और अम्ल पित्त की बीमारी

एसिडिटी से पीड़ित रोगी को प्रातः नाश्ते में फलाहार लेना चाहिए या ठंडा दूध या ठंडा मिल्क शेक का सेवन करना हितकारी होता हैं। पेठा और गुलकंद का सेवन भी बहुत लाभकारी है। घर में यदि आंवले का मुरब्बा उपलब्ध हो तो खाना खाने के बाद एक आंवला सुबह और शाम सेवन जरूर करें। यह केवल एसिडिटी को ही काबू में नही रखता है, बल्कि शरीर के अंदर विटामिन सी की पूर्ति भी करता है और हमारी इम्यूनिटी को बनाए रखने में अत्यंत कारगर है।

आंव, मरोड़ और पेचिश

गर्मी के मौसम में पेट में मरोड़ होना, दर्द होना और बार-बार पतले दस्त होने की शिकायत बच्चों से लेकर बूढ़ों तक को परेशान करती है, जिन्हें ऐसी शिकायत हो वह पूरे दिन में हर 2 घंटे के बाद बेल फल का रस बिना चीनी पीते रहे इससे आंव आना रुक जाती है डिहाइड्रेशन की संभावना पूरी तरह खत्म हो जाती है और पेट का दर्द, पेट की ऐंठन और मरोड़ कुछ ही घंटों में पूरी तरह नियंत्रण में आ जाता है।

आईबीएस में बेल ही नहीं, अमरूद भी अत्यंत कारगर

बीज निकालकर अमरूद फल का नियमित रूप से सेवन आईबीएस और कोलाइटिस के मरीजों को बहुत लाभ देता है। रात में सोने से पहले 10 ग्राम मोटी सौफ का पाउडर और 10 मिली कैस्टर ऑयल एक गिलास गुनगुने पानी के साथ पीना कोलाइटिस और आईबीएस में हितकारी होता है इससे कोलन की सूजन कम हो जाती है और शौच के समय मल के साथ आने वाली आंव और चिकनाहट का आना पूरी तरह रुक जाता है।

नकसीर फूटना

गर्मी में नकसीर फूटना सामान्य बात है। यदि अक्सर नाक से खून आता है तो यह गुड़, अदरक, केसर इत्यादि का सेवन बंद कर देना चाहिए। अदरक, सोंठ और गुड़ की चाय या लड्डू बिल्कुल ना खाएं। तुलसी के पत्ते का रस थोड़ा सा सेंधा नमक मिलाकर पीने से बहुत लाभ होता है। वही माथे और पेट पर मिट्टी की पट्टी अत्यंत हितकारी है। नाक में दो-दो बूंद गुनगुना देसी घी सुबह शाम जरूर डालिए। गर्मी के मौसम में भरी दुपहरी घर से यथासंभव ना निकलें। आवश्यक होने पर खूब सारा पानी या नीबू पानी पीकर घर से बाहर निकलें। प्रतिदिन 10 मिनट प्रातः एवं 10 मिनट सायंकाल शीतली एवं शीतकारी प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए।

गूगल ने डूडल बना दिया मातृशक्ति को सम्मान

नई दिल्ली (वार्ता)। इंटरनेट सर्च इंजन गूगल ने रविवार को मदर्स डे के मौके पर अपने होमपेज पर डूडल बनाकर मातृशक्ति के प्रति सम्मान व्यक्त किया है। प्रत्येक विशेष मौकों पर डूडल के जरिए शानदार प्रस्तुति देने वाले गूगल ने आज ऐसी ही बेहतरीन डूडल बनाकर विश्व को मदर्स डे की बधाई और शुभकामनाएं दी। गूगल के इस वीडियो में चार स्लाइड में कुछ तस्वीरें हैं, जिनके जरिए और मां के प्रेम, वात्सल्य , स्नेह और सम्मान की भावना परिलक्षित हो रही है। पहले स्लाइड में एक छोटा बच्चा मां के हाथों की सबसे छोटी उंगली पकड़ा हुआ है और दूसरे स्लाइड में मां अपने बच्चे को पढ़ाना सिखाते नजर आ रही हैं। तीसरी स्लाइड में मां अपने बच्चे को एक नल के नीचे हाथ धोना सिखा रही हैं जबकि चौथे स्लाइड में मां अपने बच्चे को पौधा लगाना सिखा रही है। एक बच्चे के लिए उसके जन्म के बाद उसकी मां की भूमिका को प्रदर्शित कर रहे इस डूडल की सोशल मीडिया में काफी प्रशंसा मिल रही है। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने मां के प्रति आदर व्यक्त करती तस्वीरें और संदेश साझा किये हैं। भारत समेत विश्व के अधिकतर देशों में मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है।

गूगल के इस वीडियो में चार स्लाइड में कुछ तस्वीरें हैं, जिनके जरिए और मां के प्रेम, वात्सल्य , स्नेह और सम्मान की भावना परिलक्षित हो रही है

लता मंगेशकर के नाम पर होगा अयोध्या में चौराहा

लखनऊ (आईएएनएस)। अयोध्या में एक प्रमुख क्रॉसिंग विकसित की जाएगी और इसका नाम प्रसिद्ध गायिका भारत रत्न दिवंगत लता मंगेशकर के नाम पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या प्रशासन को मंदिर शहर में एक प्रमुख चौराहे की पहचान करने और अगले 15 दिनों में इसका नाम लता मंगेशकर के नाम पर रखने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने का निर्देश दिया है। लता मंगेशकर द्वारा गाए गए गीत जो भगवान राम और भगवान हनुमान को समर्पित थे, अयोध्या में बजाए जाएंगे। अयोध्या नगर निगम ने शहर भर में प्रमुख क्रॉसिंग की पहचान करना शुरू कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, संभवतः इस परियोजना के लिए राम जन्मभूमि के रास्ते में अयोध्या में मुख्य चौराहे का चयन होने की संभावना थी। अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि हम अगले 10 दिनों में एक प्रमुख क्रॉसिंग को अंतिम रूप देंगे और लता मंगेशकर के नाम पर इसका नाम बदलने के लिए राज्य सरकार को एक प्रस्ताव भेजेंगे।

जीनोम संसाधन बैंकिंग के जरिए होगा पक्षियों का संरक्षण

■ नई दिल्ली (भाषा)।

दिल्ली-एनसीआर में अधिकारियों ने सरोगेट प्रजातियों का उपयोग करके चुनिंदा दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त (आरईटी) पक्षियों की प्रजातियों के प्रजनन और उनके संरक्षण के लिए तरीके विकसित करने तथा एक अत्याधुनिक जीनोम संसाधन बैंकिंग केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है। जीनोम संसाधन बैंकिंग के जरिए संकटग्रस्त प्रजातियों के प्रजनन कार्यक्रम के उद्देश्य से उनकी प्रजनन कोशिकाओं और भ्रूण का भंडारण किया जाएगा। सालिम अली सेंटर फॉर ऑर्निथोलॉजी एंड नेचुरल हिस्ट्री (सैकॉन) ने अगले 10 वर्षों में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पक्षियों की विविधता, उनके पारिस्थितिक तंत्र, आवास और परिदृश्य के संरक्षण के लिए एक मसौदा कार्य योजना तैयार की है।

■ दिल्ली, हरियाणा और उप्र के वन और वन्यजीव विभागों के साथ लुप्तप्राय प्रजातियों के लिए संभावित खतरों का अध्ययन करेगा 'सैकॉन'

दिल्ली-एनसीआर के लिए कार्य योजना एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसमें पांच क्षेत्रों - उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और मध्य के 17 राज्यों को शामिल किया गया है। इसे पिछले महीने दिल्ली वन और वन्यजीव विभाग के साथ साझा किया गया था। दिल्ली-एनसीआर में भारत में पाई जाने वाली पक्षियों की कुल प्रजातियों का लगभग एक तिहाई हिस्सा पाया जाता है। 1970 के बाद से इस क्षेत्र में दर्ज की गई पक्षियों की कुल 446 प्रजातियों में से 63 को दुर्लभ, संकटग्रस्त और लुप्तप्राय (आरईटी) माना जाता है।

20 आरईटी प्रजातियों सहित आर्द्रभूमि पक्षियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले अध्ययनों ने यमुना में उच्च प्रदूषण, प्रवाह के अवरुद्ध होने और इमारतों आदि के रूप में पक्षियों के आवासों पर अतिक्रमण सहित कई संरक्षण मुद्दों पर प्रकाश डाला है। सैकॉन दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के वन और वन्यजीव विभागों के साथ लुप्तप्राय प्रजातियों के लिए संभावित खतरों का अध्ययन करेगा, उनकी आबादी को बहाल करने के लिए आवश्यक संरक्षण उपायों का आकलन करेगा और यदि आवश्यक हो तो उन्हें उनके मूल पर्यावास में फिर से भेजने का काम करेगा। मसौदा योजना "सरोगेट प्रजातियों का उपयोग करके चुनिंदा आरईटी पक्षी प्रजातियों के प्रजनन एवं संरक्षण के लिए विकासशील तरीकों और आरईटी पक्षी प्रजातियों से क्रायोबैंकिंग व्यवहार्य बायोमैटिरियल्स के जरिए एक अत्याधुनिक जीनोम संसाधन बैंकिंग केंद्र" पर जोर देती है।

'मॉडर्न लव मुंबई' के प्रचार को सड़कों पर स्टार कास्ट

मुंबई (आईएएनएस)। मॉडर्न लव मुंबई की रिलीज डेट करीब है, वेब सीरीज की स्टार कास्ट इसे प्रमोट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। अरशद वारसी, चित्रांगदा सिंह, रुशाद राणा और प्रतीक गांधी अपनी आगामी वेब श्रृंखला को बढ़ावा देने के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं। हाल ही में, वे स्थानीय प्रेम कहानियों पर आधारित श्रृंखला को बढ़ावा देने के लिए मुंबई कैब से यात्रा करते दिखाई दिए। मॉडर्न लव मुंबई, जो अमेजॉन ओरिजिनल सीरीज पर 13 मई को रिलीज होने वाली है, रंगिता और इशिता प्रीतिश नंदी द्वारा बनाई गई है और इसमें सभी एपिसोड्स में बड़े कलाकार हैं ।

असली लॉक-अप की तुलना में यह आसान था : मुनव्वर फारुकी

मुंबई (आईएएनएस)। मुनव्वर फारूकी ने रियलिटी शो लॉक अप जीता है। उनका कहना है कि यह उनके लिए असली लॉक अप से आसान था। मुनव्वर ने एक स्टैंड-अप कॉमेडियन और यूट्यूबर के रूप में अपना करियर शुरू किया था। वह तब खबरों में छा गए थे, जब उन्हें 2 जनवरी, 2021 को एक कॉमेडी शो के लिए भोपाल में गिरफ्तार किया गया, जिसमें उन्होंने प्रदर्शन भी नहीं किया था। बाद में 6 फरवरी को उन्हें जमानत दे दी गई थी। मुनव्वर ने शो जीतने और ट्रॉफी हासिल करने के तुरंत बाद कहा। यह पूछे जाने पर कि किस लॉक-अप से निपटना कठिन था, कॉमेडियन ने बताया कि असली लॉक-अप की तुलना में यह आधा प्रतिशत भी नहीं था। कोई भी इसमें आपका अपमान नहीं करता है। यह एक खेल था। फैंस को मुनव्वर के बारे में कई जानकारियां मिली और कुछ घटनाओं ने तो सभी को भावुक भी कर दिया। अपने बचपन के ट्रॉमा और अपनी मां की आत्महत्या को याद करना उनके लिए एक ऐसी ही क्षण था। शो में आने का कारण पूछने पर उन्होंने कहा कि हां, सोशल मीडिया पर मेरे बहुत सारे फॉलोअर्स हैं, जिन्होंने मेरे कंटेंट और कहानी को धार्मिक रूप से फॉलो किया। लेकिन इस तरह के रियलिटी शो के मंच के साथ, मेरी कहानी को एक बड़ी जगह, बड़ी पहुंच मिली। शो के माध्यम से दर्शकों और कैदियों को पता चला कि 30 वर्षीय कॉमेडियन और रैपर की एक पत्नी और एक छोटा बच्चा भी है। हालांकि, वे तलाक के कगार पर हैं और युगल अब एक साल से अधिक समय से साथ नहीं रह रहे हैं। स्टैंड-अप कॉमेडियन को शो में आने से पहले से ही उनके प्रशंसकों का उन्हें समर्थन मिला है। हालांकि, उन्होंने कहा कि शो जीतने के लिए उनके पास कभी कोई सेट गेम प्लान नहीं था।

प्रभास स्टारर प्रोजेक्ट-के में शामिल हुईं दिशा पाटनी

हैदराबाद (आईएएनएस)। वरुण तेज-स्टारर लोफर से तेलुगू में अपनी शुरुआत करने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी, प्रभास और दीपिका की प्रोजेक्ट के में शामिल हो गई हैं। अभिनेत्री ने खुद अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर प्रोजेक्ट के प्रोडक्शन हाउस- वैजयंती मूवीज द्वारा भेजे गए वेलकम ऑनबोर्ड बुके की एक तस्वीर पोस्ट करके इस खबर की पुष्टि की है। इस तथ्य के बावजूद कि दिशा अब इस परियोजना का हिस्सा हैं, निर्माताओं ने उनकी भूमिका से जुड़ी हर चीज को अभी के लिए गुप्त रखा है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित महत्वाकांक्षी परियोजना में प्रभास, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म वर्तमान में प्रोडक्शन में है।

क्वीन एलिजाबेथ डॉक्यूमेंट्री 29 मई को प्रीमियर के लिए तैयार

लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अपने शासनकाल के 70 वर्ष पूरे करने के साथ, ब्रिटिश शाही के पहले कभी नहीं देखे गए फुटेज की एक नई डॉक्यूमेंट्री 29 मई को प्रीमियर के लिए तैयार है। 'एलिजाबेथः द अनसीन क्वीन' शीर्षक वाली डॉक्यूमेंट्री का रन-टाइम 75 मिनट है, और यह महारानी एलिजाबेथ के जीवन के शुरुआती वर्षों, उनके जन्म से लेकर 1953 में 27 साल की उम्र में उनके राज्याभिषेक तक पर प्रकाश डालेगी। बीबीसी टेलीविजन डॉक्यूमेंट्री में शाही परिवार की कई घरेलू रिकॉर्डिंग शामिल हैं। क्वीन एलिजाबेथ ने बीबीसी स्टूडियो को फुटेज तक पहुंचने की अनुमति दी जिसके बाद निर्माताओं और संपादकों ने फिल्म के 400 से अधिक रीलों को देखा। होम रिकॉर्डिंग में पहले से खोई हुई न्यूजरील और आधिकारिक रूप से प्रायोजित राज्य कार्यक्रमों की कई बैक-द-सीन रिकॉर्डिंग शामिल हैं। बीबीसी के अनुसार, डॉक्यूमेंट्री में रानी के जीवन की कई ऐतिहासिक घटनाओं को दिखाया जाएगा, जिसमें प्रिंस फिलिप की 1946 की बाल्मोरल कैसल की यात्रा भी शामिल है, जो इस जोड़ी की सगाई के सार्वजनिक होने से कुछ समय पहले हुई थी।

बाजार में उतार-चढ़ाव के आसार

शेयर समीक्षा: वैश्विक रुख, महंगाई और आईआईपी आंकड़ों का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही स्थानीय स्तर पर महंगाई एवं औद्योगिक उत्पादन आईआईपी के जारी होने वाले आंकड़ो का असर रहेगा। साथ ही कंपनियों के तिमाही नतीजे भी बाजार को प्रभावित करेंगे। विश्लेषकों का मानना है कि सप्ताह के दौरान वैश्विक स्तर पर भी कई वृहद आर्थिक आंकड़े आने हैं जिसकी वजह से बाजारों में उतार-चढ़ाव कायम रह सकता है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंक जहां महंगाई पर काबू पाने के लिए ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं वहीं विदेशी संस्थागत निवेशक एफआईआई पिछले कई महीनों से तेज बिकवाली कर रहे हैं। बाजार सहभागियों के बीच मुद्रास्फीति जनित मंदी का डर है, जो निवेशकों की निवेश धारणा को कमजोर कर रहा है। उनका कहना है कि डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के साथ के बीच अगले सप्ताह 11 मई को अमेरिका में महंगाई के आंकड़े तथा 12 मई को भारत में अप्रैल के महंगाई एवं आईआईपी के आंकड़े जारी होने वाले हैं, जो बाजार में अस्थिरता का

कारण बन सकती है। बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजों की अब अंतिम खेप आना शेष है। अगले सप्ताह एसबीआई, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, यूपीएल, टेक महिंद्रा और सिप्ला जैसी दिग्गज कंपनियों के वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं, जिसका असर बाजार में देखा जा सकेगा। इसके अलावा विदेशी कोषों का प्रवाह, कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपए का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दिशा तय करेंगे।

शेयरों में एफपीआई की हिस्सेदारी घटी

घरेलू शेयरों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों एफपीआई का स्वामित्व या हिस्सा इस साल मार्च में 19.5 प्रतिशत तक गिरकर 619 अरब डॉलर रह गया, जो कोविड पूर्व स्तर के करीब है। एनएसई-500 कंपनियों के विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई है। ब्रोकरेज फर्म बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2022 में भारतीय शेयर बाजारों में एफपीआई का स्वामित्व घटकर 19.5 प्रतिशत पर आ गया।

एफपीआई ने मई में 6400 करोड़ रुपए निकाले

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों एफपीआई ने चालू महीने यानी मई के पहले चार कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजारों से 6400 करोड़ रुपएए से अधिक की निकासी की है। बीते सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी की, जिसका असर एफपीआई के रुख पर पड़ा है। अप्रैल, 2022 तक लगातार सात महीने तक एफपीआई भारतीय बाजारों में शुद्ध बिकवाल रहे हैं और उन्होंने शेयरों से 1.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की है। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका के बीच खराब होती भू-राजनीतिक स्थिति रही है। लगातार छह माह तक बिकवाली के बाद अप्रैल के पहले सप्ताह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 7707 करोड़ रुपए का निवेश किया था। उसके बाद से वे लगातार बिकवाली कर रहे हैं।

टॉप टेन कंपनियों की बाजार पूंजी 2.5 लाख करोड़ रुपए घटी,रिलायंस को सबसे ज्यादा नुकसान

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 285251.65 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 114767.5 करोड़ रुपए के नुकसान से 1773196.68 करोड़ रुपए पर आ गया। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 42847.49 करोड़ रुपए टूटकर 1256152.34 करोड़ रुपए रह गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 36984.46 करोड़ रुपए के नुकसान से 731068.41 करोड़ रुपए रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 20558.92 करोड़ रुपए घटकर 505068.14 करोड़ रुपए रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 16625.96 करोड़ रुपए टूटकर 500136.52 करोड़ रुपए पर और भारती एयरटेल का 16091.64 करोड़ रुपए के नुकसान से 390153.62 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी के मूल्यांकन में 13924.03 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 390045.06 करोड़ रुपए पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 10843.4 करोड़ रुपए घटकर 432263.56 करोड़ रुपए रह गई। इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण 10285.69 करोड़ रुपए घटकर 649302.28 करोड़ रुपए रह गया। अडानी ग्रीन एनर्जी की बाजार हैसियत 2322.56 करोड़ रुपएए घटकर 449255.28 करोड़ रुपए पर आ गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही।

दरों में वृद्धि का समय हैरान करने वाला: वित्तमंत्री

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल में नीतिगत दरों में बढ़ोतरी का फैसला नहीं, बल्कि इस निर्णय का समय हैरान करने वाला है। यह बात वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कही। उन्होंने भरोसा जताया है कि कोष की लागत बढ़ने से सरकार के नियोजित बुनियादी ढांचा निवेश पर असर नहीं पड़ेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक ने गत चार मई को प्रमुख रेपो दर रेपो में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 4.40 प्रतिशत कर दिया। इसके अलावा नकद आरक्षित अनुपात सीआरआर को भी 0.50 फीसदी बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत किया गया है। रिजर्व बैंक ने नीतिगत दरों में वृद्धि के लिए यूक्रेन युद्ध के बाद मुद्रास्फीति के बढ़े हुए दबाव और कच्चे तेल की कीमतों में हुई वृद्धि का हवाला दिया है। सीतारमण ने कहा, केंद्रीय बैंक की दर वृद्धि का समय एक आश्चर्य की तरह था, न कि दर वृद्धि। लोग सोच रहे थे कि यह काम किसी भी तरह किया जाना चाहिए था। आश्चर्य इसलिए हुआ कि यह फैसला मौद्रिक नीति समिति एमपीसीद्धकी दो बैठकों के बीच में हुआ। उन्होंने कहा कि अप्रैल की शुरुआत में हुई पिछली एमपीसी बैठक में रिजर्व बैंक ने संकेत दिया था कि यह उनके लिए भी कदम उठाने का समय है। यह वृद्धि दुनियाभर के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की तरफ से की जा रही दर वृद्धि का ही एक हिस्सा है। वित्त मंत्री ने कहा, एक तरह से यह तालमेल में उठाया गया कदम था।

दरों में वृद्धि का बुनियादी ढांचा निवेश पर नहीं होगा असर

ऊंचे स्तर पर पहुंच रही महंगाई

उन्होंने कहा, हमने उस पुनरुद्धार को संभाला लेकिन मुद्रास्फीति काफी ऊंचे स्तर पर पहुंच रही थी। अमेरिका और ब्रिटेन में यह काफी ज्यादा था, हमारे देश में इतना नहीं। फिर भी पुनरुद्धार बनाम मुद्रास्फीति का मसला दुनियाभर में एक खास तरह से बढ़ता दिख रहा है। हालांकि, सीतारमण ने यह भरोसा जताया कि नीतिगत दर में बढ़ोतरी के बावजूद बुनियादी ढांचे में सरकार के अरबों डॉलर के निवेश पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों पर उन्होंने कहा कि रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले राष्ट्र उन देशों का रुख करने लगे जिनसे भारत तेल खरीदता रहा है।

रिलायंस रिटेल ने दिए 1.5 लाख रोजगार

हर दिन खोले सात नए स्टोर, कुल स्टोर 15 हजार पार

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस रिटेल शानदार प्रदर्शन कर रही है। कंपनी ने अब तक देशभर में 1.5 लाख लोगों को रोजगार दे चुकी है। वहीं कुल मिलाकर रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 2 लाख 10 हजार नई नौकरियां दी हैं। रिलायंस रिटेल ने एक लाख से अधिक नौकरियां छोटे व मंझोले शहरों में दी हैं। कंपनी के स्टोर्स की कुल संख्या 15 हजार के पार पहुंच गई है। रिलायंस रिटेल ने उस समय रोजगार दिए जब देश में कोरोनाकाल के चलते कंपनियां छंटनी कर रही थी। कंपनी के वित्तीय परिणामों के मुताबिक रिलायंस रिटेल का स्टाफ 70 फीसदी बढ़कर 3 लाख 61 हजार हो गया है। कंपनी के बयान के मुताबिक रिलायंस रिटेल छोटे व मंझोले शहरों में नई नौकरियां इसलिए दे पाई क्योंकि इन शहरों में उसके स्टोर्स का नेटवर्क तेजी से बढ़ा है। स्टोर्स के साथ इन शहरों में डिजिटल और न्यू कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स का विस्तार भी तेजी से हुआ है। रिलायंस के स्टोर्स की संख्या 15 हजार के पार पहुंचने और नई नौकरियों पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस वर्ष भी रिलायंस देश के लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में कामयाब रही है और भारत के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक बनी हुई है। रिटेल और टेक्नोलॉजी बिजनेस ने नई नौकरियां पैदा करने में अहम रोल अदा किया है।

पिछले साल 2500 से अधिक स्टोर्स खोले

पिछले वित्त वर्ष में रिलायंस रिटेल ने कुल 2500 से अधिक स्टोर्स खोले। इस हिसाब से कंपनी ने हर दिन करीब सात नए स्टोर खोले हैं। सिर्फ पिछली तिमाही में ही कंपनी ने 793 नए स्टोर्स अपने पोर्टफोलियो में जोड़े हैं। स्टोर्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलायंस रिटेल के रजिस्टर्ड ग्राहकों की संख्या 19 करोड़ 30 लाख के पार जा पहुंची है। नए स्टोर खोलने और नई नौकरियां देने के साथ रिलायंस रिटेल ने गुजरे वित्तीय वर्ष में कमाई भी खूब की है।

शिपिंग कॉरपोरेशन के लिए बोली सितंबर तक

नई दिल्ली। सरकार शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की बिक्री के लिए संभवतः सितंबर तक वित्तीय बोलियां आमंत्रित करेगी।

एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी की गैर प्रमुख संपत्तियों को अलग करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वित्तीय बोलियां मंगाई जाएंगी। रणनीतिक बिक्री प्रक्रिया के तहत सरकार शिपिंग हाउस और प्रशिक्षण संस्थान सहित एससीआई की कुछ गैर प्रमुख संपत्तियों को अलग कर रही है। अधिकारी ने कहा, गैर प्रमुख संपत्तियों को अलग करने की प्रक्रिया काफी समय लेती है। हम तीन-चार माह में वित्तीय बोलियां मंगाने की स्थिति में होंगे। शिपिंग कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह हुई बैठक में कंपनी की गैर प्रमुख संपत्तियों को शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लैंड एंड एसेट्स को स्थानांतरित करने की अद्यतन योजना को मंजूरी दी गई। इनमें मुंबई का शिपिंग हाउस और पवई का मैरिटाइम ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट भी शामिल है। एससीआई के बही.खाते के अनुसारए उसकी गैर प्रमुख संपत्तियों का मूल्य 31 मार्च, 2022 तक 2392 करोड़ रुपए था।

प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में सैकड़ों छात्रों ने लिया भाग

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा स्थित नेशनल इंटर कालेज में प्रवेश लेने के लिए छात्रों व अभिभावकों में आज भी होड़ मची हुई है। सोमवार को कक्षा 9 में प्रवेश के लिए सैकड़ो छात्रो ने प्रवेश परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा देकर निकले छात्रो के भीड़ के चलते सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। बताते हैं कि नेशनल इंटर कालेज में क्षेत्र के 15 किमी दूर तक के अभिभावकों को अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने में होड़ लगी रहती है। यही कारण है कि 300 सीटों में प्रवेश के लिए लगती भीड़ को देखते हुए कई वर्षों से प्रवेश परीक्षा का आयोजन होता रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भी प्रवेश परीक्षा 493 छात्रो ने भाग लिया। इस बाबत प्रधानाचार्य रामाश्रय सिंह ने बताया बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित प्रवेश परीक्षा हुई है। एक हफ्ते में परिणाम घोषित होंगे। मेरिट के आधार पर छात्रो को प्रवेश मिलेगा।

बैंक की छत तोड़कर चोरों ने लॉकर में रखे लाखों रुपए मूल्य के आभूषण को किया पार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सैदपुर नगर स्थित यूनियन बैंक की छत तोड़कर बीती रात चोरों ने लॉकर में रखे लाखों रुपए मूल्य के आभूषण को पार कर दिया। सुबह बैंक खुलने पर कर्मचारियों को इसकी सूचना मिली। जिसके बाद बैंक में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद बैंक पहुंची स्थानी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। इस घटना की जानकारी होने के कुछ देर बाद पुलिस अधीक्षक राम बदन सिंह और आईजी के. सत्यनारायण भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण शुरू कर दिया। इसके साथ ही बैंक पहुंची जनपद की फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल के जांच में लग गई है। फॉरेंसिक टीम के सदस्यों ने चोरों के बैंक में दाखिल होने और निकलने के पूरे रास्ते की जांच की और स्ट्रांग रूम में काटे गए लाकरों की जांच भी शुरू कर दी गई है। वही बैंक अपने रिकॉर्ड अनुसार लॉकर में रखे आभूषणों का मूल्यांकन करने में

जुटा हुआ है। अभी तक पांच लाकरो को तोड़कर उसमें रखे गहने चुराने के प्रमाण सामने आए हैं। पुलिस की स्पेशल टीम भी बैंक कर्मचारियों से बारी बारी पूछताछ करने में जुटी हुई है। पुलिस यह मान कर चल रही है कि इस घटना में हो ना हो किसी बैंक कर्मचारी की भी मिलीभगत जरूर है। घटना बड़ी होने के कारण पूरे पुलिस महकमे में भी अफरा तफरी मची हुई है।

पुलिस की लापरवाही की वजह से घटी घटना- नेता विरोधी दल संजय लाठर

प्रखर जौनपुर । नेता विरोधी दल विधान परिषद संजय लाठर जौनपुर के आगमन पर जनपद में विगत दिनों हुई हत्याओं के सिलसिले में मृतक के घर जाकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा की जो दुर्घटना धमार्पुर ब्लॉक व जलालपुर ब्लॉक में हुआ है। उसमें क्षेत्रीय लोगों गांव जनमानस से ही पता चला है कि दोनों घटनाएं पुलिस प्रशासन के लापरवाही से घटी पुलिस को सुचना सही समय पर क्षेत्रीय जनता ने दिया। मगर पुलिस की लापरवाही के वजह से घटी वहीं धमार्पुर की घटना तो आश्चर्य चकित है जो मुख्य अभुक्त है वे महिनों के अंदर तीन घटनाएं किया लेकिन पुलिस ने एक भी कार्रवाई नहीं किया क्योंकि वह भाजपा के क्षेत्रीय पूर्व विधायक के संरक्षण मे गुंडागर्दी करता है उसके ऊपर अगर पहले पुलिस कार्रवाई किया होता तो आज बादल यादव पहलवान का बीच बाजार में चाकू से हत्या नहीं होती पुलिस प्रशासन और शासन पूर्ण रूप से फेल है कानून व्यवस्था फेल है आज भाजपा सरकार जात देखकर लोगों के ऊपर कार्रवाई कर रही है वही पुलिस के मिलीभगत व सत्ता

संरक्षित गुंडों द्वारा घटना के बाद सरकारी संपत्ति एंबुलेंस जला दिया तोडफोड़ किया गया और वहीं निर्दोष धमार्पुर के प्रधान जय हिंद यादव व गांव के 9 लोगों को फर्जी ढंग से जेल भेज दिया गया को धमार्पुर गांव मे पुलिस के डर से आज भी लोग घर मे नहीं है जब गांव मे लोग नहीं रहेंगे तो हत्या पर पर्दा पड जायेगा हम यहां पूरी सूचना लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को देने का काम करेंगे और दोनों सदनों में इस मुद्दे को मजबूती से उठाकर दोषी पुलिस कर्मचारियों को सजा दिलाने का काम करेंगे और निर्दोष बंद लोगों को छुड़वाने का काम करेंगे और दोषी को सजा दिलाएंगे मुख्य रूप से जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव विधायक जगदीश नरायन राय,लकी यादव पंकज पटेल ,पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई , हिसामुद्दीन शाह,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी जयहिंद यादव दीपचंद राम,विवेक रंजन यादव ,श्रवण जयसवाल, विजय सिंह बागी,ऋषि यादव,शिवजीत यादव, गप्पू मौर्या, बाबा यादव, भानु प्रताप मौर्या, आदि रहे।

मेरठ में युवक का शव मिलने से हड़कंप, हत्या की आशंका, दूध की डेयरी पर करता था काम

मेरठ। मेरठ में सोमवार की सुबह परतापुर थाना क्षेत्र के आरएएफ कट के पास एक युवक का शव मिला है। युवक यहीं पर दूध की डेयरी पर रहकर काम करता था। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। इस बीच पुलिस ने डेयरी संचालक को हिरासत में ले लिया है, उससे पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर शैलेंद्र प्रताप ने बताया कि हत्याकांड की जांच की जा रही है। शास्त्री नगर का रहने वाला युवक प्रतापपुर थाना क्षेत्र के कुंडा गांव के समीप दूध की डेरी पर रहता था। सोमवार की सुबह युवक का शव दिल्ली हाईवे के समीप आरएएफ कट के पास मिला है। सूचना के बाद परतापुर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। स्वजन द्वारा हत्या की आशंका पर पुलिस ने डेयरी संचालक को हिरासत में ले लिया है। वहीं इंस्पेक्टर शैलेंद्र प्रताप ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही पूरे मामले का पदार्फाश होगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जाएगी

डीजे बंद कराने पर थाने में हंगामा– मेरठ : डीजे बंद कराने पर लोग भड़क गए। थाने में हंगामा कर दिया। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया तो नोकझोंक हो गई। सूचना पर कांग्रेस नेता भी पहुंच गए। काफी जद्दोजहद के बाद मामला शांत हुआ।रविवार रात ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के भगवतपुरा में गोपाल के बेटे के मुंडन का कार्यकम चल रहा था, जिसमें डीजे पर डांस हो रहा था। किसी ने कंट्रोल रूम को डीजे बजने की सूचना दे दी। थाने से पुलिसकर्मी पहुंचे और डीजे को बंद करा दिया।

मना करने पर हंगामा शुरू– इसके बाद स्वजन और रिश्तेदार एकत्र होकर थाने पहुंचे और डीजे बजाने की अनुमति मांगी। थाना प्रभारी ने मना कर दिया तो हंगामा शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि जानबूझ कर डीजे नहीं बजाने दिया जा रहा है। उन्होंने शिकायत करने वाले का नाम बताने के लिए कहा। बात नहीं बनने पर कांग्रेस नेता रंजन शर्मा भी पहुंच गए।

युवक की हत्या कर सड़क किनारे फेंका शव, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

प्रखर जौनपुर। रामपुर खुर्द गांव निवासी जीतलाल गौतम (24) बीती रात घर से बाहर निकला था। सुबह उसका शव घर से दो सौ मीटर दूर मुबारकपुर बाजार में एक दुकान के पास मिला। जौनपुर के मुबारकपुर बाजार में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिला। युवक रात से ही गायब था। मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। मीरगंज थाना के रामपुर खुर्द गांव निवासी जीतलाल गौतम (24) वर्ष पुत्र लालजी बीती रात घर से गायब था जिसका शव घर से दो सौ मीटर दूर मुबारकपुर बाजार में एक दुकान के पास मिला। जीतलाल की भांजी गुंजा ने बताया कि रात नौ बजे बाइक से घर आए थे और उसे साथ ले गए। घर से जाने के

बाद से उसका मोबाइल बंद आ रहा था। देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक के चेहरे पर चोट के निशान हैं। जीतलाल मजदूरी करके जीविका चलाता था। उसका एक वर्ष का बेटा है। पत्नी मायके में थी। सूचना पर वह भी मौके पर पहुंची। पति का शव देखकर बेसुध हो गई। मौके पर पहुंचे मीरगंज थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह और सीओ अतर सिंह ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया। मगर परिजन और ग्रामीण उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। खबर लिखे जाने तक बंधवा-भटहर मार्ग जाम रहा। मौके पर पुलिस बल तैनात है।

भाजपा नेत्री अदिति सिंह के पति अंगद फिर कांग्रेस में शामिल, चुनाव से पहले पार्टी ने काट दी थी टिकट

जालंधर। नवांशहर के पूर्व विधायक और अंगद सिंह एक फिर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। इसकी जानकारी खुद पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने ट्वीट करके दी है। अंगद सिंह रायबरेली सदर से भाजपा विधायक अदिति सिंह के पति हैं। अदिति पहले कांग्रेस में थी लेकिन वर्ष 2022 के यूपी चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गई थी। इसके बाद पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने उनकी टिकट काट दी थी। इसके बाद वह निर्दलीय चुनाव लड़े थे लेकिन हार का मुंह देखना पड़ा था। रविवार को अंगद नवांशहर कौंसिल अध्यक्ष, जिला परिषद अध्यक्ष और सदस्यों व अन्य समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल किए गए। इस मौके पर राजा वड़िंग के अलावा पंजाब कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भारत भूषण आशु भी मौजूद थे। ट्विटर पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने लिखा कि आज मैं और भारत भूषण आशु अंगद सैनी का दोबारा कांग्रेस में स्वागत करने नवांशहर में उनके घर पहुंचे। प्रत्येक कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता को उचित मान-सम्मान देने में कमी नहीं रखी जाएगी। पंजाब विधानसभा चुनाव में टिकट काटे जाने पर अंगद सिंह ने आरोप लगाया था कि टिकट के बदले पार्टी उन पर पत्नी अदिति के खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर अपशब्द लिखने का दबाव बना रही थी। जब उन्होंने इन्कार कर दिया तो उन्हें टिकट देने से इन्कार कर दिया गया। इसके बाद अंगद ने बगावत करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया था। वह खुद तो नहीं जीते लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी को भी नहीं जीत पाया और बाजी डा। नछित्तर पाल के हाथ लगी जो पंजाब में बसपा के इकलौते विधायक हैं। अदिति सिंह ने यूपी कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी पर जानबूझकर उनके पति को परेशान करने का आरोप लगाया था। यूपी विधानसभा चुनाव में जहां अदिति सिंह को भाजपा की टिकट पर जीत हासिल हुई, वहीं नवांशहर में अंगद सिंह बुरी तरह हार गए।

सीतापुर में लाठी से बुजुर्ग को पीटता रहा युवक मौत, भतीजे ने भागकर बचाई अपनी जान

सीतापुर। पिसावां के हसनापुर में बुजुर्ग की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बुजुर्ग के साथ आ रहे 12 वर्षीय भतीजे पर भी हमला किया गया। भतीजे ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। हालांकि अभी तक विवाद के कारणों का पता नहीं चला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के बयान दर्ज किए हैं। आरोपित की तलाश की जा रही है।

हसनापुर में रहने वाले 60 वर्षीय परवनलाल उर्फ पांडेय पुत्र लक्ष्मण सोमवार सुबह करीब आठ बजे अपने 12 वर्षीय भतीजे मंजेश के साथ साइकिल पर घास लादकर घर आ रहे थे। रास्ते में नलकूप के पास पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही रामसागर ने परवनलाल पर पीछे से लाठी से हमला कर दिया। एक लाठी साथ आ रहे भतीजे मंजेश को भी मारी। मंजेश, किसी तरह बचकर भाग निकला। रामसागर, बुजुर्ग परवनलाल को पीटता रहा। हमले में साइकिल से नीचे गिरे परवन ने मौके पर ही दम

तोड़ दिया। बुजुर्ग की हत्या कर आरोपित रामसागर भाग गया। उधर भतीजे मंजेश ने घर पहुंचकर परिवारजन को घटना के बारे में जानकारी दी। परिवारजन मौके पर पहुंचे तो परवनलाल मृत मिले। सूचना पर सीओ महोली अमन सिंह और थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। आरोपित की तलाश की जा रही है।

भाई की तहरीर पर केस : मृतक के छोटे भाई राकेश मौर्य की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित राम सागर राठौर पर केस दर्ज किया है। आरोपित को दबोचने के लिए टीम बनाकर दबिश दी जा रही है। मृतक के परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। दोनों बेटे हरियाणा में मजदूरी करते हैं। जबकि बेटी की शादी हो चुकी है।

भयभीत है भतीजा मंजेश : ताऊ के साथ साइकिल से आ रहा भतीजा मंजेश वारदात के बाद से सहमा हुआ है। मंजेश ने बताया कि आरोपित ने अचानक से हमला कर दिया। चश्मदीद मंजेश ने बताया कि ताऊ ने साइकिल भगाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। आरोपित, लाठी से पीटता रहा।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
गुजरात	11	8	3	16
लखनऊ	10	7	3	14
राजस्थान	11	7	4	14
बेंगलोर	12	7	5	14
दिल्ली	11	5	6	10
हैदराबाद	11	5	6	10
पंजाब	11	5	6	10
चेन्नई	11	4	7	8
कोलकाता	10	4	6	8
मुंबई	10	2	8	4

ऑरेंज कैप

जोस बटलर

618 रन

राजस्थान रॉयल्स

पर्पल कैप

युजुवेन्द्र चहल

22 विकेट

राजस्थान रॉयल्स

खबर संक्षेप

पृथ्वी अस्पताल में भर्ती कोविड परीक्षण नेगेटिव

मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को रविवार को तेज बुखार के कारण शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उनका कोविड-19 परीक्षण नेगेटिव आया है। पृथ्वी टीम के पिछले मुकाबले में भी नहीं खेले थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'पृथ्वी अभी मुंबई के अस्पताल में उबर रहा है। तेज बुखार के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा लेकिन उसका आरटी-पीसीआर परीक्षण नेगेटिव आया है। जिस अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया है वह कोविड मरीजों के लिए तय अस्पताल नहीं है।'

हेटमायर पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौटे

मुंबई। राजस्थान रॉयल्स के विस्फोटक बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बीच से ही गयाना रवाना हो गए हैं। रॉयल्स ने ट्वीट किया, 'हम उनकी (हेटमायर) हर तरह से मदद कर रहे हैं और हमारी शुभकामनाएं उनके और उनकी पत्नी निर्वाणी के साथ हैं।' फ्रेंचाइजी ने बताया कि हेटमायर बच्चे के जन्म के बाद मुंबई लौटेंगे और आईपीएल के शेष मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

ईपीएलः लिवरपूल और टोटैनहैम ने खेला ड्रा

लिवरपूल। लिवरपूल ने टोटैनहैम से 1-1 से ड्रा खेला, जिससे वह इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में शीर्ष पर पहुंच गया लेकिन इससे मैनचेस्टर सिटी की खिताब जीतने की संभावना बढ़ गई। लिवरपूल का इस ड्रा से अपने घरेलू मैदान एनफील्ड पर लीग में लगातार 12 मैचों में जीत का अभियान थम गया जिससे उसकी खिताब जीतने की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा है।

जर्मनी के सेबेस्टियन हेरमैनी और सबरीना को 16-10 से हराया

बधिर ओलंपिकः धनुष-प्रियेषा की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय निशानेबाज धनुष श्रीकांत ने प्रियेषा देशमुख के साथ मिलकर ब्राजील के कैक्सैस डो सुल में चल रहे 24वें बधिर ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। धनुष और प्रियेषा ने प्रतियोगिता के छठे दिन स्वर्ण पदक मैच में जर्मनी के सेबेस्टियन हेरमैनी और सबरीना एकर्ट को 16-10 से हराया।

पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल की व्यक्तिगत स्पर्धा जीतने के बाद धनुष का खेलों में यह दूसरा स्वर्ण पदक है। तेलंगाना के रहने वाले धनुष हैदराबाद में ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग की अकादमी में प्रशिक्षण लेते हैं। भारत ने इस तरह से बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीत लिए हैं। अभिनव देशवाल ने शुक्रवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा जीती थी। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में शौर्य सैनी और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में वेदिका शर्मा ने कांस्य पदक जीते थे।

इस तरह से भारत के केवल निशानेबाजी में ही पांच पदक हो गए हैं। शौर्य और नताशा जोशी की जोड़ी 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक मैच में यूक्रेन के अलेक्सांद्र कोस्तिक और वायलेट लाइकोवा से 8-16 से हार गई। भारत ने बधिर ओलंपिक के लिए 65 सदस्यीय दल भेजा है जिसमें 10 निशानेबाज शामिल हैं।

भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश बने सनवे फॉरमेंटेरा ओपन शतरंज चैंपियन

फाइल फोटो

पुंटा प्राइमा। भारतीय ग्रैंडमास्टर (जीएम) डी गुकेश रविवार को यहां पहले चेसेबल सनवे फोरेमेरा ओपन 2022 शतरंज टूर्नामेंट में चैंपियन बनकर उभरे। गुकेश की यह लगातार तीसरी खिताबी जीत है। उन्होंने हाल के हफ्तों में ला रोडा और मेनोर्का ओपन जीतने बाद यहां खिताब की हैट्रिक पूरी की। इस 15 साल के खिलाड़ी ने अंतिम दौर में आर्मेनिया के जीएम हाइक एम मार्टिरोसियन के साथ ड्रा खेला और कुल आठ अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। उन्होंने नौवें दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त के शशिकिरण को हराया था। नौ चरण तक अजेय रहे गुकेश ने यहां अपने प्रदर्शन की बदौलत 16 ईएलओ अंक हासिल किए। वह अब विश्व रैंकिंग में 64वें नंबर पर पहुंच गए हैं। गुकेश ने शशिकिरण के अलावा शीर्ष वरीयता प्राप्त जैमे सैंटोस लतासा, तीसरी वरीयता प्राप्त शांत सरगिसन (आर्मेनिया) को ड्रॉ पर रोका। शशिकिरण (ईएलओ 2650) को 5.5 अंकों के साथ नौवें स्थान पर संतोष करना पड़ा।

रॉयल चैलेंजर्स ने सनराइजर्स को 67 रन से दी करारी शिकस्त

बेंगलोर की प्लेऑफ की राह आसान हसरंगा के 'पंजे' में फंसा हैदराबाद

एजेंसी ⏭ मुंबई

कप्तान फाफ डुप्लेसीस की शानदार बल्लेबाजी के बाद वानिंदु हसरंगा (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को 67 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ बेंगलोर के 14 अंक हो गए हैं और प्ले-ऑफ में पहुंचना उनके लिए और आसान हो गया है। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 192 रन बनाने के बाद हैदराबाद की पारी को 19.2 ओवर में 125 रन पर समेट दिया।

- कप्तान फाफ डुप्लेसीस ने आईपीएल में जड़ा 25वां अर्धशतक

कप्तान फाफ डुप्लेसीस (नाबाद 73) ने 50 गेंद की पारी में आठ चौके और दो छक्के जड़े। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए रजत पाटीदार (48) के साथ 105 और तीसरे विकेट के लिए ग्लेन मैक्सवेल (33) के साथ 54 रन की शानदार साझेदारी की। पाटीदार ने 38 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए तो वहीं मैक्सवेल ने 24 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के उड़ाए। दिनेश कार्तिक ने आखिरी ओवरों में आठ गेंद की नाबाद पारी में चार छक्के और एक चौका लगाकर नाबाद 30 रन बनाए। उन्होंने आखिरी ओवर में अपना पहला मैच खेल रहे फजलहक फारुखी के खिलाफ लगातार तीन छक्के मारे। इस ओवर में टीम ने 25 रन बनाए।

फाफ-रजत ने जोड़े 105 रन

विराट कोहली के आउट होने के बाद बैंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसिस और रजत पाटीदार के बीच तीसरे विकेट के लिए 73 गेंद में 105 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी में रजत के बल्ले से 38 गेंद में 48 रन तो वहीं, फाफ के बल्ले से 35 गेंद में 52 रन निकले।

कोहली तीसरी बार '0' पर आउट

मैच की पहली ही गेंद पर विराट कोहली गोल्डन डक पर आउट हो गए। जे सुचित ने उन्हें पैरों पर फुलर लेंथ की गेंद डाली जिसे विराट फ्लिक करने गए और गेंद सीधे विलियमसन के हाथों में चली गई। इस सीजन में विराट तीसरी बार जीरो पर आउट हुए हैं। हैदराबाद के खिलाफ पहले मुकाबले में भी विराट अपना खाता नहीं खोल पाए थे। वहीं, लखनऊ के खिलाफ मैच में विराट गोल्डन डक पर आउट हो गए थे।

स्कोर बोर्ड

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर	रन	गेंद	4	6
कोहली का बिलियमसन बो सुचित	00	01	0	0
फाफ डुप्लेसी नाबाद	73	50	8	2
पाटीदार का त्रिपाठी बो सुचित	48	38	4	2
मैक्सवेल का अकीराम बो त्यागी	33	24	3	2
दिनेश कार्तिक नाबाद	30	08	1	4
अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 192/3				
गेंदबाजी : सुचित 4-0-30-2, भुवनेश्वर 4-0-34-0, फारुखी 4-0-47-0, कार्तिक 4-0-42-1, मलिक 2-0-25-0, अभिषेक 2-0-13-0.				

सनराइजर्स हैदराबाद	रन	गेंद	4	6
अभिषेक शर्मा बो मैक्सवेल	00	03	0	0
केन रन आउट (शाहबाज)	00	00	0	0
त्रिपाठी का ब्लोमफेर बो हेजलवुड	58	37	6	2
मार्कराम का कोहली बो हसरंगा	21	27	1	1
पूरण का शाहबाज बो हसरंगा	19	14	2	1
सुचित डट कार्तिक बो हसरंगा	02	07	0	0
शशांक का मैक्सवेल बो हसरंगा	08	09	0	1
त्यागी का पाटीदार बो हेजलवुड	00	01	0	0
भुवनेश्वर का डुप्लेसी बो हर्षल	08	09	1	0
उमरान मलिक बो हसरंगा	00	01	0	0
फजलहक फारुखी नाबाद	02	08	0	0
अतिरिक्त : 07, कुल : 19.2 ओवर में 125/10				
गेंदबाजी : मैक्सवेल 2-0-13-1, हेजलवुड 4-0-17-2, शाहबाज 2-0-20-0, सिराज 3-0-27-0, लोमरोर 1-0-7-0, हर्षल 3.2-0-20-1, हसरंगा 4-1-18-5.				

आईपीएल

चेन्नई की धमाकेदार जीत दिल्ली को 91 रन से हराया

नवी मुंबई। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के तूफानी अर्धशतक के बाद मोईन अली की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से चेन्नई सुपरकिंग्स ने रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 91 रन से हराकर प्ले आफ में जगह बनाने की अपनी मामूली उम्मीद बरकरार रखी। इस जीत से सुपरकिंग्स के 11 मैच में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं। टीम आठवें स्थान पर है। दिल्ली की टीम के 11 मैच में 10 अंक हैं। सुपरकिंग्स के 209 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम मोईन (तीन विकेट), इवेन ब्रावो (दो विकेट), मुकेश चौधरी (दो विकेट) और सिमरजीत सिंह (दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 17.4 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गई। सुपरकिंग्स के लिए कॉनवे ने 49 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों की मदद से 87 रन की पारी खेली। उन्होंने रुतुराज गायकवाड (41) के साथ पहले विकेट के लिए 110 रन जबकि शिवम दुबे (32) के साथ दूसरे विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की जिससे टीम ने छह विकेट पर 208 रन बनाए। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आठ गेंद में 21 रन बनाकर नाबाद रहे।

स्कोर बोर्ड

चेन्नई सुपर किंग्स:	रन	गेंद	4	6
गायकवाड़ का अक्षर बो नॉर्किया	41	33	4	1
डेवोन कॉनवे का पंत बो खलील	87	49	7	5
शिवम दुबे का वार्नर बो मार्श	32	19	2	2
रायडू का अक्षर बो खलील	05	06	1	0
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	21	08	1	2
अली का वार्नर बो नॉर्किया	09	04	2	0
उथप्पा का स्थानापन्न बो नॉर्किया	00	01	0	0
इवेन ब्रावो नाबाद	01	01	0	0
अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 208/6				
गेंदबाजी : खलील 3-0-38-0, ठाकुर 4-0-28-2, नॉर्किया 4-0-42-3, अक्षर 3-0-23-0, कुलदीप 3-0-43-0, मार्श 3-0-34-1.				

दिल्ली कैपिटल्स	रन	गेंद	4	6
वार्नर धावाधा बो तीक्षणा	19	12	1	2
भरत का मोईन बो सिमरजीत	08	05	2	0
मार्श का गायकवाड़ बो मोईन	25	20	3	1
ऋषभ पंत बो मोईन	21	11	4	0
पावेल का धोनी बो चौधरी	03	09	0	0
रिपल का कॉनवे बो मोईन	06	03	0	1
अक्षर पटेल बो चौधरी	01	03	0	0
ठाकुर का धोनी बो ब्रावो	24	19	2	1
कुलदीप का उथप्पा बो सिमरजीत	05	17	0	0
एनरिच नॉर्किया नाबाद	01	06	0	0
खलील अहमद बो ब्रावो	00	01	0	0
अतिरिक्त : 04, कुल : 17.4 ओवर में 117/10				
गेंदबाजी : चौधरी 3-0-22-2, सिमरजीत 4-0-27-2, तीक्षणा 4-0-29-1, ब्रावो 2.4-0-24-2, मोईन 4-0-13-3.				

थॉमस कपः भारत की धमाकेदार शुरुआत, जर्मनी को 5-0 से रौंदा

एजेंसी ⏭ बैंकॉक

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने रविवार को यहां जर्मनी को 5-0 से करारी शिकस्त देकर थॉमस कप में अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की।

लक्ष्य सेन ने विश्व में 64वें नंबर के खिलाड़ी मैक्स वीजकिर्चेन पर 21-16, 21-13 से आसान जीत के साथ भारतीयों के लिए शानदार नींव रखी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने जोन्स राल्फी यानसेन और मार्विन सीडेल को 21-15, 10-21, 21-13 से हराया। किदांबी श्रीकांत ने काइ शैफर पर 18-21, 21-9, 21-11 से जीत दर्ज करके भारत को ग्रुप सी के इस मुकाबले में 3-0 की अजेय बढ़त दिला दी। अर्जुन और ध्रुव कपिला ने ब्योर्न गीस और जान कॉलिन वोएलकर को दूसरे पुरुष युगल मुकाबले में 25-23, 21-15 से हराया जबकि विश्व में 23वें नंबर के एचएस प्रणय ने मैथियास किकलिट्ज़ को 21-9, 21-9 से पराजित किया जिससे भारत ने जर्मनी का 5-0 से सूपड़ा साफ किया।

पुजारा का ससेक्स के लिए लगातार चौथा शतक, 170 रन पर रहे नाबाद

मुंबई। चेतेश्वर पुजारा ने इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स की ओर से खेलते हुए चौथा शतक लगा दिया है। इंग्लैंड की मशहूर काउंटी चैंपियनशिप में सेकंड डिवीजन में पुजारा पिछले एक महीने से ससेक्स क्रिकेट क्लब के लिए खेल रहे हैं। इस क्लब की ओर से खेलते हुए पुजारा ने अभी तक चार मैच खेले हैं और हर मैच में उनके बल्ले से एक शतक निकला है। शनिवार, 7 मई को पुजारा ने मिडिलसेक्स के खिलाफ दूसरी पारी में नाबाद शतक ठोक दिया। पुजारा ने सिर्फ 133 बॉल्स पर काउंटी चैंपियनशिप में लगातार चौथा शतक बनाया। वह दिन का खेल खत्म होने तक 149 गेंदों में ही 125 रन बना चुके थे। रविवार को अपने स्कोर में 45 रन और जोड़ 170 रन बनाकर नाबाद रहे। पुजारा के लिए ससेक्स के साथ ये काउंटी सीजन शानदार गुजर रहा है। वह पहली बार इस टीम के लिए खेल रहे हैं और अभी तक हर मैच में शतक या डबल सेंचुरी जमा चुके हैं। उन्होंने अभी तक 4 मुकाबलों की 7 पारियां खेली हैं, जिसमें उनके बल्ले से 2 दोहरे शतक समेत कुल 4 शतक आ चुके हैं।

जोकोविच को हराकर फाइनल में अलकारेज

मैड्रिड। स्पेन के किशोर खिलाड़ी कार्लोस अलकारेज ने हमवतन राफेल नडाल को हराने के एक दिन बाद विश्व के नंबर एक नोवाक जोकोविच को पराजित करके मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में अपने आदर्श खिलाड़ी नडाल को हराने के बाद 19 वर्षीय अलकारेज ने शनिवार को साढ़े तीन घंटे तक चले मैच में जोकोविच को 6-7 (5), 7-5, 7-6 (5) से पराजित किया। फाइनल में उनका सामना गत चैंपियन अलेक्सांद्र ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में स्टेफानोस सिटसिपास को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। महिला वर्ग के फाइनल में ट्यूनीशिया की ओन्स जबूर ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को तीन सेट में 7-5, 0-6, 6-3 से हराकर खिताब जीता। शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली पहली अरब महिला जबूर के कॅरियर का यह दूसरा खिताब है।

सहवाग ने कहा, जितेश को टी20 विश्व कप के लिये रिजर्व विकेटकीपर रखना चाहिए

नयी दिल्ली। अपने जमाने के विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि जितेश शर्मा को टी20 विश्व कप के लिये रिजर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में भारत की टीम में शामिल किया जाना चाहिए। इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे 28 वर्षीय जितेश ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फिनिशर की अपनी भूमिका का अच्छा नमूना पेश करते हुए केवल 18 गेंदों पर नाबाद 38 रन की पारी खेली। सहवाग ने क्रिकबज लाइव- टॉकिंग पॉइंट्स में कहा, उसने काफी प्रभावित किया है। क्या हमें उसे आस्ट्रेलिया जाने वाली टी20 विश्व कप टीम में भी शामिल करना चाहिए? उन्होंने कहा, मैं इसलिए यह सवाल कर रहा हूं क्योंकि जो भी रन बनाता है, हम उसे विश्व कप के लिये संभावित खिलाड़ियों की श्रेणी में रखते हैं। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि उसने मुझे अपने खेल से काफी प्रभावित किया है। सहवाग ने कहा, यदि मुझे टीम का चयन करना होता, तो मैं उसे दूसरे विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर टी20 विश्व कप (सितंबर-अक्टूबर में) के लिये आस्ट्रेलिया ले जाता। इशान किशन, दिनेश कार्तिक और संजू सैमसन सहित कुछ खिलाड़ी रिजर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज के स्थान के लिये दावेदारी पेश कर रहे हैं, लेकिन सहवाग ने जितेश को इन सभी से ऊपर रखा। सहवाग ने कहा, इशान किशन विकेटकीपर-बल्लेबाज है, ऋषभ पंत विकेटकीपर-बल्लेबाज है, (ऋद्धिमान) साहा विकेटकीपर-बल्लेबाज है, लेकिन इन सभी में जिसने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया वह जितेश शर्मा है। उन्होंने कहा, वह बेखौफ बल्लेबाजी करता है और अपने शॉट खेलता है। उसे पता होता है कि किस गेंद पर कवर पर शॉट खेलना है और किसे मिड-ऑफ और मिड-ऑन पर खेलना है। जितेश को उनके आधार मूल्य 20 लाख रुपये में खरीदा गया था। उन्होंने अब तक सात पारियों में 162 रन बनाये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 167.01 है। वह दो बार नाबाद रहे।

टीम में लगातार बदलाव केकेआर के लिए बना हार का कारण

मुंबई के खिलाफ टीम संयोजन कोलकाता की चिंता

एजेंसी ⏭ नवी मुंबई



कोलकाता नाइट राइडर्स को यदि इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी धुंधली उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे जल्द से जल्द अदद संयोजन तलाश करके सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स से भिड़ना होगा जो अंतिम पायदान पर होने के बावजूद बढ़े मनोबल के साथ इस मैच में उतरेगा।

शीर्ष क्रम में कई संयोजन आजमाना और टीम में लगातार बदलाव करना इस सत्र में केकेआर को भारी पड़ा है। दूसरी तरफ मुंबई की टीम दूसरे नंबर की टीम गुजरात टाइटन्स पर पांच रन की जीत के कारण बढ़े मनोबल के साथ मैदान पर उतरेगी। मुंबई प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के 10 मैचों में चार अंक हैं। वह अधिक से अधिक 12 अंक तक पहुंच सकती है जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के 12 अंक हैं जबकि तीन अन्य टीम के 16 और 14 अंक हैं। नए कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में केकेआर को शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स से बड़ी हार झेलनी पड़ी। उसके 11 मैचों में आठ अंक है। वह बाकी बचे तीन मैच में अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकता है लेकिन इससे भी उसकी चौथे स्थान पर रहने की गारंटी नहीं दी जा सकती। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दोनों टीम यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में एक दूसरे को कड़ी चुनौती देने की कोशिश करेंगी।

सकारात्मक अंत पर नजर

दोनों टीम की निगाह अब अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी रहेगी। इन दोनों टीम के बीच अब तक खेले गए मैचों में मुंबई ने 22 और केकेआर ने आठ मैच जीते हैं। मुंबई अपने इस रिकॉर्ड को अधिक बेहतर करने का प्रयास करेगा। मुंबई के लिए अच्छी बात यह है कि उसके दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान रोहित और ईशान किशन ने टाइटन्स के खिलाफ टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। केकेआर के खिलाफ वे अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की कोशिश करेंगे।

माँगने पर जहां पूरी हर मन्नत होती है, माँ के पैरों तले ही तो जन्नत होती है : गीता जायसवाल

प्रखर शाहगंज (जौनपुर)। जो आंधियों,भारी बरसात, गर्मी की तपिश और इससे भी बड़ी बड़ी मुश्किलों से लड़ सकती है अपने औलाद के लिए वो माँ है।माँ को शब्दों में व्याख्या नही की जा सकती।माँ के लिए सारे शब्द कम पड़ जाएंगे हर औलाद के किस्मत में ईश्वर एक अच्छी सच्ची त्याग,समर्पण की मूरत माँ जरूर होती है। मांगने पर जहां पूरी हर मन्नत होती है, माँ के पैरों तले ही तो जन्नत होती है। उक्त बातें सोमवार को क्षेत्र के बंसराज मेमोरियल सनराइज पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका की चेयरमैन श्रीमती गीता जायसवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहीं।

श्रीमती जायसवाल ने कहा की धरती पर एक माँ ही है जो सबसे बड़ी योद्धा है वो अपने औलाद के लिए हर परिस्थितियों में लड़ सकती है।

विशिष्ट आतिथि डॉक्टर ज्ञानचंद चित्रवंशी ने कहा की एक बच्चे की पहली शिक्षिका माँ ही होती है।जो अपने छोटे बच्चे को उसकी परेशानियों उसकी जरूरतों को बिना कहे ही समझ जाती है।माँ की प्रति अपनी भावनाओं को प्रकट करते हुए श्री चित्रवंशी ने कहा की "मेरी ख्वाहिश है की मै फिर से फरिश्ता हो जाऊं, माँ से इस तरह लिपट जाऊँ की बच्चा हो जाऊं" कार्यक्रम में मातृशक्ति की भावनाओ को प्रकट करते हुए विघालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जिसे देख कर उपस्थित अभिभावकों ने भूरी भूरी प्रसंशा की कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय परिवार की तरफ से विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की मांओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मो. सऊद ने किया। उक्त अवसर पर बृजेश पाठक,अमित मिश्रा, हसन मेहदी, एसपी पाण्डे, अनुराग पाण्डे,लवली श्रीवास्तव, सुम्बुल, मोनिषा अग्रहरि, सुराभी अग्रहरि, सुमन गुप्ता, सोनू पाण्डे सहित दर्जनों गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती जागृति चित्रवंशी एवं प्रबन्धक श्रीमती प्रियंका चित्रवंशी ने आये हुए सभी आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

जिला अधिकारी विजय किरण आनंद ने समूह पुष्टाहार प्लान्ट का किया गया निरीक्षण

प्रखर गोरखपुर। जिला अधिकारी गोरखपुर विजय किरण आनंद ने रविवार को विकास खंड पाली के ग्राम डुमरी स्थित समूह पुष्टाहार लघु उद्योग प्लांट का निरीक्षण किया। भरोसा दिलाया कि कार्य में आने वाली बाधाओं का त्वरित निदान किया जाएगा। पुष्टाहार पैकेट बनाने में कार्य करने वाली समूह की महिलाओं से सभी प्रकार की जानकारी लेने के बाद प्लांट में उपयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता के बारे में बातचीत किया। प्लांट शीघ्र चालू कराएं जाने पर विशेष जोर दिया जिससे सभी को शीघ्र लाभ मिल सके। सदभावना प्रेरणा स्वयं सहायता समूह लघु उद्योग पुष्टाहार प्लान्ट के ऊपर क्षेत्र की कई पुष्टाहार केंद्रों की जिम्मेदारी को बताया। निरीक्षण के बाद जिला अधिकारी ने महिलाओं से बातचीत किया, उनके साथ बैठक भी की। प्लांट निर्माण सामग्री का जायजा लिया उद्योग में काम करने वाली समूह की महिलाओ की एकजुट होकर काम करने को कहा और कहां की एकजुटता से लाभ भी मिलेगा और सुरक्षित भी रहेंगी। उक्त-अवसर पर बीडीओ बृजेश यादव, सचिव धनेन्द्र प्रताप सिंह, हेमन्त सिह, अरविंद कुमार, विजय मौर्य, मालती देवी, गीता देवी, सुनीता चौरसिया, चम्पा देवी, संगीता, स्नेहलता, उमा देवी, प्रेमलता, विजय लक्ष्मी सहित समूह की कई महिलाएं मौजूद थीं।

पात्रों को हर-हाल में दिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ

प्रखर संतकबीरनगर। सांसद इं. प्रवीन निषाद तथा विधायक अनिल त्रिपाठी ने मेंहदावल ब्लाक के सरफरा, छपिया अंगद तथा बढ़या गांव में चौपाल लगाई। ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। गांव के विकास कार्यो को परखा। सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। छपिया गांव में चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने सांसद से राशन वितरण में घटतौली किए जाने की शिकायत किया। जिस पर उन्होंने आपूर्ति विभाग के अधिकारी को तीन दिन में अंदर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। वहीं कुछ किसानों ने ई-केवाईसी के बाद भी सम्मान निधि न आने की शिकायत किया। साथ नौलखा में विद्युत उपकेन्द्र, कन्या इंटर कालेज व डिग्री कालेज खोले जाने की मांग किया। ढोंढ़ गांव में जिला पंचायत द्वारा कराए जा रहे चकमार्ग लेपन कार्य अनियमितता की भी शिकायत ग्रामीणों ने सांसद से किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्रों को मिले, इसके लिए सबकी जवाबदेही तय की गई है। गांवों में सभी बुनियादी सुविधाओं की बहाली भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। गांवों में सड़को को चकाचक कराते हुए शिक्षा व्यवस्था के मजबूत करने का काम किया जा रहा है। घर-घर बिजली पंहुचाते हुए हर गरीब के अपने छत के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है। विधायक

ने कहा कि डबल मुफ्त राशन योजना से हर गरीब का पेट भर रहा है। किसानों को सम्मान निधि देकर उनका सम्मान किया जा रहा है। इस दौरान इन्द्रसेन सिंह, लालजी निषाद, प्रमुख प्रतिनिधि बसंत तिवारी, लालचंद गुप्ता, राकेश निषाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

राजनैतिक द्वेष भावना की मार झेल रहा सार्वजनिक हैंडपंप

दो वर्षों से बन्द पड़े हैंडपंप के लिए पूर्व सभासद ने नगरवासियों संग किया नगर पंचायत में शिकायत

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत नगर के सिपाह मोहल्ले में दो वर्षों से सार्वजनिक हैंडपंप बिगड़ा पड़ा हुआ है जिसमे राजनैतिक द्वेष भावना बताया जा रहा है।जबकि गर्मी अपने प्रचंड स्थिति में है। जिसे लेकर वार्डवासी नगरपंचायत से लेकर सभासद तक शिकायत करते पस्त हैं।जब भी शिकायतकर्ता हैंडपम्प के लिए वर्तमान सभासद से कहते है तो उनको केवल आस्वासन ही दो वर्षों से दिया जा रहा है।मामले को प्रिंट मीडिया ने भी प्रेषित कर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया पर वहां भी राजनैतिक द्वेष भावना हावी रही। वार्डवासियों के अनुसार वर्तमान सभासद सलीम कुरैसी के घर के सामने ही

सार्वजनिक हैंडपंप है जिसके बिगड़ने के दो वर्षों के बाद अभी तक बनवाया नहीं गया।जबकि इसकी शिकायतकताओं की लिस्ट लंबी है। वहीं वर्तमान सभासद द्वारा हैंडपंप नही बनवाने पर पूर्व सभासद मोहम्मद असलम खा का कहना है की यह कृत्य आस पास के लोगों को परेशान करने की मंसाओं से किया जा रहा है।असलम खान ने यह भी बताया कि पुनः इस बात की शिकायत नगरपंचायत में लिखित मेरे व वार्डवासियों के द्वारा दिया गया है कि जल्द से जल्द हैंडपंप बनवाया जाए। नगरपंचायत में शिकायत कताओं में पूर्व सभासद व पत्रकार मोहम्मद असलम खाँ,इरशाद खाँन,कलीम अनवर, जमील कुरैशी,कमरुद्दीन, मकबूल कुरैशी, मकसूद कुरैशी, इदरीस अहमद, मुन्नी बेगम, अरशद बबलू , मोहम्मद अनवर,अमन समीर आदि रहें।

ठीकेदार ने कार्य कराने के लिए मांगा पुलिस फोर्स

25 सालो से अप्रवासी एक परिवार द्वारा कच्चे सड़क मार्ग को खड़ज़ा/इंटर लाकिगं से रोकने के लिए डाला जा रहा अड़गा

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र नेवादा गांव के बैरगियां पुरवा मे शुरू कराये गये इंटरलाकिगं कार्य को गांव के एक दबंग युवक अवनीश सिंह उर्फ अन्नू द्वारा रोक दिया गया और लेबरों को गाली-गलौज देते हुए

डांटकर भगा दिया गया, यह जानकारी देते संबधित ठीकेदार जेपी० सिंह ने जलालपुर थाना पर प्रार्थना - पत्र देकर पुलिस फोर्स की मांग की है। ठीकेदार ने बताया कि ग्रामीण अभिनत्रण विभाग द्वारा जलालपुर - थानागद्दी सड़क से उक्त गांव तक करीब 523 मी० का इंटर लाकिंग कार्य कराया जाना है।इस कार्य के लिए करीब 38 लाख 36 हजार की राशि अनुमोदित है,जिसमे 15 लाख अवमुक्त है। कार्य रोकने की शिकायत पर उपजिलाधिकारी केराकत द्वारा संबंधित विभाग को पुलिस फोर्स उपलब्ध कराने का निर्देश इंसपेक्टर जलालपुर को दिया गया है। ठीकेदार ने बताया कि दूसरी बार पुनः कार्य शुरू कराने के लिए लेबर बुलाया तो उसको भी भगा दिया गया। गांव के करीब 40 साल पुराने इस कच्चे सड़क मार्ग पर खड़ज़ा/पिच/इंटर लाकिगं निर्माण के लिए पिछले करीब 25 सालों से पहले पिता अब पुत्र द्वारा अड़गा डालने का कार्य किया जा रहा है।ग्रामीणों के मुताबिक कार्य मे बाधा पहुँचाने वाला युवक निवासी भले नेवादा गांव से है किन्तु रहते है ,जौनपुर है।इसलिए वारिस के मौसम मे गांव के लोगो को ,मरीजों और शादी विवाह मे वाहनों के आवागमन कितनी दिक्कत होती है, इसे यहाँ गांव के लोग ही समझते है।महिलाओं और मरीजों को चारपाई पर लिटाकर सड़क मार्ग तक पहुँचाने के अलावा और कोई दूसरा विकल्प नही रह जाता।इतना ही इस गांव मे रास्ता निर्माण के लिए निवर्तमान एक पुलिस अधीक्षक समेत अंय संबंधित उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कई पैमाईश हुई ,और मार्ग को चिन्हित किया गया था,और ट्रैक्टर, एम्बुलेंस, शादी-विवाह के वाहन आदि आवागमन आज भी है किन्तु जब इसे पक्का कराने की बात आती है,तो चिन्हित खडयन्त्र कारियो कानूनी पेंच-पर पेच डालकर निर्माण कार्य को उलझाते हुए इसे बाधित कर दिया जाता है।

युवक की हुई मौत पर कोर्ट के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के गजोखर गांव में 5 माह पूर्व 24 वर्षीय अविवाहित युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में फाँसी लगने से मौत हो गई थी। जिसमे पिता ने हत्या होने की आशंका जताते हुए कोर्ट का शरण लिया था। जिसमे कोर्ट ने अज्ञात के खिलाफ रपट दर्ज करने का आदेश दिया। गजोखर निवासी हौसिला यादव का इकलौता पुत्र पवन यादव घर से खाना खाने के बाद 500 मीटर दूर स्थित गांव के ही संजय यादव के पंप सेट पर गया और वहाँ रखे केबल के सहारे लटक कर जान दे दी थी। सूचना पर पहुचे इंस्पेक्टर फूलपुर मुन्नाराम ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु भेज दिया था। मुम्बई में एक निजी कम्पनी में काम करने वाले पिता ने उसकी हत्या होने का आरोप लगाया था। लेकिन पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज नही किया था। इसी को लेकर पिता गोरखनाथ कोर्ट जले गए थे कोर्ट के आदेश पर सोमवार को फूलपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 302, 201 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

14 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

प्रखर संत कबीर नगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में दिनाँक 14 मई 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला एवं तहसील स्तर पर किया जा रहा है जिसमें किसी भी न्यायालय में लम्बित अथवा विभागीय

मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। लोक अदालत में पक्षकार स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दे सकता है। लोक अदालत में सुलह योग्य फौजदारी मामले,दीवानी वाद, भरण पोषण वाद, मोटर वाहन अधिनियम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, किरायेदारी वाद,चेक बाउंस से संबंधित मामले, बैंक लोन के मामले, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, बिजली चोरी से संबंधित शमनीय मामले,वन अधिनियम के मामले, पुलिस अधिनियम के अंतर्गत शमनीय वाद, स्थायी लोक अदालत के मामले, गृह कर, जल कर, बाट माप अधिनियम के मामले, नगर पालिका सम्बन्धी मामलों को निस्तारित कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त वैवाहिक एवं पारिवारिक मामलों का भी निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जा सकता है। ऐसे पारिवारिक मामलों जो किसी न्यायालय में लंबित नही हैको प्री-लिटिगेशन स्तर पर पक्षकार द्वारा प्रार्थना पत्र देकर सुलह समझौते से निस्तारित कराया जा सकता है। जिसका आदेश सिविल न्यायालय के डिक्री के समान प्रभावी होगा। इसके अतिरिक्त अभिवाक सौदेबाजी से भी फौजदारी मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है। जनपद न्यायधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लक्ष्मी कान्त शुक्ल द्वारा सभी विभागाध्यक्षो और न्यायालयों से अधिक से अधिक मामलों के निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/न्यायिक अधिकारी हरिकेश कुमार दी गयी।

छः दिवसीय समर कैंप का हुआ शुभारंभ, में पूजी गयी माताएं

प्रखर पिंडरा वाराणसी। स्थानीय विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय सैरागोपालपुर में सोमवार से से प्रारम्भ हुए छः दिवसीय समर कैंप का उद्घाटन प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस सभी अध्यापकों व बाल संसद के सदस्यों द्वारा बनाई गई योजना के तहत कैंप के प्रारंभ में ही "तू कितनी अच्छी है, तूं कितनी भोली है" गीत के साथ शुभारंभ हुआ। इसी के साथ साथ कक्षा 1 से 5 के जिन बच्चों की मां आई हुई थी उनका आदर पूर्वक उनका पूजन किया गया, इसके बाद बच्चियों द्वारा अपनी अपनी माताओं को मेंहदी लगाकर मेंहदी प्रतियोगिता का आगाज हुआ। कोरोना काल के चलते तीन साल बाद हुए इस आयोजन से माताओं के साथ बच्चों में आत्मविश्वास दिखा। इस दौरान प्रीति सोनकर, निशा देवी व सुनील सिंह के विशेष प्रयास पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। 6 दिनों तक चलने वाले समर कैंप में रचनात्मक व क्रियात्मक कार्य के अलावा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होंगे ।

वाहन चोर गैंग के तीन सक्रिय सदस्य पुलिस की गिरफ्त में

प्रखर गोरखपुर। कैंट पुलिस ने कार्मल रोड तिराहा पर चेकिंग के दौरान एक पल्सर पर सवार 3 लोगो को रोका और उनसे पूछताछ कर गाड़ी के कागजात मांगे।लेकिन उन लोगो के पास कोई कागज नहीं था कड़ाई से पूछताछ में इन लोगों के द्वारा पता चला कि यह वाहन चोर गैंग के सदस्य हैं और भीड़भाड़ वाले जगहों से गाड़ी को चुराकर सुनसान जगह पर रख देते थे।बाद में सही समय पर ग्राहक मिलने पर वाहनों को बेच दिया करते थे।फिर उसका पैसा आपस में बाट लेते थे।फिर उसी पैसे से अपना शौक को पूरा करते थे।इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए हुए 4 मोटरसाइकिल बरामद किया है। जिनमें एक बजाज पल्सर,एक हीरो होंडा स्प्लेंडर, हीरो एचएफ डीलक्स के अलावा एक एक्टिवा गाड़ी बरामद किया है पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि यह भीड़ भाड़ वाले जगहों से वाहनों की चोरी किया करते थे पल्सर गाड़ी को इन लोगों ने बारामनगर करजहा से 1 महीने पहले चोरी किया था इसके अलावा

एक वाहन के चोरी का मुकदमा खोराबार थाने में पहले से दर्ज है बाकी दो वाहनों के बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है चोरी के वाहनों को यह लोग एक्सीडेंटल अस्पताल के बगल में बने झोपड़पट्टी के पीछे छिपा कर रख देते थे और ग्राहक के मिलने पर गाड़ियों को वहां से निकाल कर बेच देते थे।गिरफ्तार अभियुक्त सोनू कुमार डोम पुत्र मिंटू डोम जो कैंट थाना क्षेत्र का रहने वाला है यह पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। बाकी दो आरोपियों के बारे में पुलिस से जानकारी कर रही और उनके अन्य साथियों के बारे में जानकारी हासिल करने में लगी हुई है।फिलहाल कैंट पुलिस को बड़ी सफलता मिली और पुलिस ने इन चोरों की निशानदेही पर चोरी के चार मोटरसाइकिल बरामद किया है। क्षेत्राधिकारी कैंट श्याम देव बिंद ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि कैंट पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान ऐसे 3 शातिर वाहन चोर जिनमे सोनू कुमार डोम,अविनाश कुमार डोम और सुहैल हासमी को गिरफ्तार किया है। जो भीड़भाड़ वाले जगहों से दोपहिया वाहनों को चोरी करते थे।और पर्स भी लेकर भाग जाते थे इनमें से एक आरोपी पहले भी चोरी की घटना में जेल जा चुका है बाकी आरोपियों के बारे में पूछताछ चल रही है। गिरफ्तार वाहन शातिर किस्म के हैं और यह भीड़ भाड़ वाले लोगों से दोपहिया वाहनों पर भी चुरा कर फरार हो जाते थे बरामद वाहनों के मालिकों को सूचना दे दी गई है और अंजू गाड़ी है उनके बारे में भी पता किया जा रहा है।

महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई

प्रखर वाराणसी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वाराणसी के तत्वाधान में युग पुरुष महाराणा प्रताप की 482 वी जयंती बड़े ही हर्ष के साथ मनाई गई। समारोह का अयोजन जिला अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वाराणसी कार्यालय भुनेश्वर नगर कॉलोनी में आयोजित किया गया।

संक्षिप्त खबरें

कछवां थानाध्यक्ष सहित चार उपनिरीक्षक से निरीक्षक पदोन्नति कर बनाए गए

प्रखर मिजार्पुर। जनपद में आज सोमवार को पुलिस विभाग के चार उपनिरीक्षक निरीक्षक बनाए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर .उप निरीक्षक रमेश प्रसाद, थानाध्यक्ष कछवां उप निरीक्षक राम स्वरूप वर्मा उपनिरीक्षक राकेश कुमार, व संतोष कुमार यादव को उपनिरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक द्वारा स्टार लगाया गया पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारीयों द्वारा सभी पदोन्नत निरीक्षकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

कुएं में वृद्ध महिला का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप

प्रखर मिजार्पुर। जिगना थाना क्षेत्र में एक वृद्ध महिला का शव कुएं में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत आज सोमवार को दिन में लगभग दस बजे थाना जिगना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गोगांव निवासिनी लगभग पचहत्तर वर्षीय जमवन्ती देवी पत्नी स्व0 राम करन का घर से थोड़ी दूर पर स्थित कुआँ में शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और इसकी जानकारी इलाकाई पुलिस को भी हुई जिस पर उक्त सूचना पर थाना जिगना पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुँच कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

साईबर ठगी के शिकार किसान नेता का पैसा बैंक खाते में आया वापस

प्रखर अहरौरा, मिजार्पुर। बता दें कि अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह का दो-तीन महीने पहले साईबर ठगों द्वारा SBI Bank के खाते से पैसा निकाल लिया गया था। जिसके संबंध में किसान नेता द्वारा भारतीय स्टेट बैंक,नरायनपुर,मीरजापुर के शाखा प्रबंधक सहित अदलहाट-थाना में भी प्रार्थना पत्र दिया गया था। किसान नेता द्वारा बैंक शाखा पर धरना देने की चेतावनी देने पर शाखा प्रबंधक द्वारा आश्वाशन दिया गया कि इस तरह के साईबर ठगी के मामले में जांच में कम से कम एक महीने का समय लग जाता है,इसलिए एक महीने इंतजार कर लीजिए।यदि आप पैसा नहीं निकाले हैं तो पैसा अवश्य मिलेगा।लिहाजा आज एक महीना पूरा होने के दो-तीन दिन पहले ही बैंक शाखा में पता करने पर शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि जिस तरह से चार बार में पैसा निकाला गया था उसी तरह क्रमशः चार बार में आपका पैसा खाते में वापस आ गया है।किसान नेता ने पैसा वापस आने पर धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह फ्राड तरीके से पैसा निकालने वाले दोषी लोगों को सजा भी मिलनी चाहिए। निश्चित तौर पर पैसा निकालने वाले व फिर खाते में पैसा वापस करने वाले के बारे में बैंक प्रबंधक को पूरी जानकारी होगी।लिहाजा दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।जिससे कि साईबर ठगी करने वालों को सबक मिल सके।

कार राइड शोरूम का हुआ भव्य उद्घाटन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। चौकाघाट में घौसाबाद स्थित कार राइड शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया` इस अवसर पर पार्टनर हर्षवर्धन मोटर का शुभारंभ पूजा पाठ के साथ किया गया इसके उपरांत इंडियन बैंक के जोनल मैनेजर राजेश के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया इस अवसर पर प्रोपराइटर अमित सिंह आए हुए सभी अतिथियों के स्वागत गर्मजोशी के साथ करते हुए शोरूम में रखें कई गाड़ियों के बारे मे उपस्थित अतिथियों को जानकारी दी और बताया कि इस तरह का शोरूम वाराणसी में पहला है जो ग्राहकों को वारंटी देगी` कार्यक्रम में मुख्य रूप से हर्षवर्धन सिंह,राजन सिंह, धीरेंद्र शर्मा, श्री प्रकाश शुक्ला ,अखिलेश सिंह , सोमनाथ विश्वकर्मा, अनूप जायसवाल पार्षद शैलेन्द्र श्रीवास्तव , कुलदीप वर्मा सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रहस्यमय परिस्थिति में युवक की मौत

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम बिसरी निवासी जीतेंद्र 38 वर्ष रविवार अपराह्न 3.00 कमरे में अचेत अवस्था में पाए गए, स्वजन उन्हें एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरापार ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि-जीतेंद्र आज सुबह मजदूरी करने गए थे, परंतु दोपहर को ही घर लौटे आए । कुछ देर के बाद किसी बात को लेकर पति-पत्नी में तकरार हो गई, जिससे वह अपने कमरे में सोने चले गए। कमरे का दरवाजा जब काफी देर बाद नहीं खुला, तब स्वजनों को अनहोनी की आशंका होने लगी। कमरे में देखा, तो वह अचेत अवस्था में जमीन पर पड़े हुए थे, शरीर में कोई हलचल होता न देखकर तत्काल एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे दरोगा सुनील कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय गोरखपुर भेज दिया है। उक्त- संदर्भ में दरोगा सुनील कुमार ने बताया कि- युवक के मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है,इस कारण से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

25 हजार का इनामी बदमाश तमंचे के साथ गिरफ्तार

प्रखर गोरखपुर। पुलिस ने सोमवार को तरैना पुल के पास से 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी जगत राम पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि गैंगेस्टर 25,000 इनामी अपराधी पिछले 1 वर्ष से फरार चल रहा था उरुवा पुलिस ने गिरफ्तार किया। इजहार अंसारी (35) के रूप में हुई है। वह राजगढ़ थाना गोला का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा बरामद किया है। वह लूट की घटना को अंजाम देने के फिराक में था। उससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार इजहार पर वर्ष 2021 में गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ था। तभी से वह फरार चल रहा था। जिसके बाद उसपर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। उसकी एक गैंग है जो इलाके में घूमकर लोगों के मोबाइल,चेन आदि लूट लेता है। उसके खिलाफ गोला थाने में छह मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। गिरफ्तार करने वाले प्रमुख रूप से प्रभारी निरीक्षक उरुवा अजय कुमार मौर्य वरिष्ठ उपनिरीक्षक रविसेन सिंह यादव हेड कांस्टेबल अनिल सिंह यादव कांस्टेबल अनिल यादव का सरवन धर्मेंद्र कुमार यादव सम्मिलित रहे।

दर्दनाक : वाराणसी-आजमगढ़ हाईवे पर तीन अलग अलग हादसों में एक की मौत, छह घायल, लगा लंबा जाम

प्रखर दानगंज वाराणसी। आजमगढ़ हाईवे पर रविवार रात तीन अलग-अलग हादसे हुए। जिसमें एक युवक की मौत हो गई तो वहीं छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।हादसों के कारण वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग पर रात 12 बजे से लेकर सुबह 10 बजे तक भीषण जाम लगा रहा। जाम से यात्री हलाकान रहे।

पहली घटना दानगंज पुलिस चौकी से चंद कदम दूर की है। देर रात ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में ऑटो पलट गया। हादसे में चालक वीरेंद्र मिश्रा निवासी गुरुवट ट्रक के नीचे आ गया। जिससे उसका पैर कुचल गया। दूसरी घटना दानगंज बाजार की है। वाराणसी से आजमगढ़ की तरफ जा रही सीमेंट लदा ट्रक टैंकर से भिड़ गया।हादसे में टैंकर चालक जख्मी हो गया। वह चार घंटे

तक केबिन में फंसा रहा। कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। दूसरे ट्रक के ड्राइवर संजय यादव निवासी मुजफ्फरपुर थाना काधरा आजमगढ़ गंभीर रूप से घायल हुआ। दोनों को वाराणसी के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। ट्रकों के टक्कर से दानगंज बाजार में जाम लग गया। जाम सुबह 10 बजे खत्म हुआ।तीसरी घटना मोहाव की है। जहां ट्रक और स्कॉर्पियो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में स्कॉर्पियो सवार एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। दूसरा व्यक्ति सर्वेश यादव निवासी देवगांव आजमगढ़ घायल है। घायल को निजी चिकित्सालय वाराणसी में भर्ती कराया गया है। शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष चोलापुर ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। तीनों हादसों में घायलों को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

पैरामेडिकल कॉलेज नदौली पर छात्र छात्राओं को बाटा गया निःशुल्क स्मार्ट फोन व टैबलेट

प्रखर केराकत जौनपुर। नदौली महर्षि मूलचंद यादव नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज महिला महाविद्यालय प्राइवेट आई. टी.आई. पर आज 150 छात्र एवं छात्राओं को टैबलेट और मोबाइल फोन जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्टफोन टैबलेट वितरण योजना का कार्य किया गया, अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को सोमवार को शासन द्वारा प्रदत्त का स्मार्ट टैबलेट का वितरण प्राचार्य रुद्रेश की देख रेख में संपन्न किया गया जिसमें स्मार्ट फोन व टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी जिसमें मुख्य अतिथि सरिता सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख व प्रबन्धक सविता यादव डॉयरेक्टर चंद्रजीत यादव विद्यालय के समस्त अध्यापकगण प्रधानाध्यापक प्रदीप यादव , प्रधानाध्यापक मोहन विश्वकर्मा, रामप्रवेश यादव, रमाशंकर यादव, दिलीप सरोज,उपस्थित रहे।

गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को दिखाना होगा अपना अस्तित्व- जेसीआई

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों को शासन स्तर से कोई भी सुविधा न मिलना चिंतनीय है।न ही उन्हे किसी प्रकार की सुरक्षा की गारंटी है और न ही स्वास्थ्य संबंधी कोई सुविधा मिल पाती है।यहां तक कि इन पत्रकारों का जिले के सूचना विभाग में पर्याप्त रिकार्ड तक उपलब्ध होता है।ऐसे मे वेव मीडिया से जुड़े पत्रकारों का तो सूचना विभाग रिकार्ड तक रखना नहीं चाहता।जहां केन्द्र सरकार के श्रम विभाग ने इन्हे श्रमजीवी पत्रकार माना है इसके बावजूद इनकी किसी प्रकार की कोई जानकारी सूचना विभाग के पास उपलब्ध नहीं है। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग सक्सेना ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद 19 अभिव्यक्त की आजादी का अधिकार आम नागरिक को भी प्राप्त है।और पूरी पत्रकारिता भी इसी पर आधारित है। आवश्यक होने पर या पड़ताल करने पर केवल शासन द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकार व श्रमजीवी पत्रकारों को ही महत्व दिया जाता है। देखा जाए तो गैर मान्यताप्राप्त पत्रकार और शासन से मान्यताप्राप्त पत्रकारों में कोई फर्क नहीं है।हालाकि प्रेस काउंसिल द्वारा बनाए गये दिशा निर्देश व प्रेस कानून का पालन भी सभी करते है। उनको पालन करने को निर्देशित भी किया जाता है। ऐसे में गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारो को सबसे पहले अपने अस्तित्व को कायम करना होगा।गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों के अस्तित्व न होने के कारण ही इनकी सभी मांगो को सरकारें नजरअंदाज कर देती है। यदि कोई सुविधा सरकार की ओर से मिलती भी है तो उस पर अधिकार केवल शासन द्वारा मान्यताप्राप्त पत्रकारों का या श्रमजीवी पत्रकारों का ही होता है गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों का नहीं। इसलिए अब गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों को पहले अपने अस्तित्व की लड़नी होगी। आज सबसे ज्यादा हमले और मुकदमें गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों पर ही होते है। उन्होने कहा कि सरकार को अब पत्रकारों के लिए नये दिशा निर्देश जारी करने चाहिए साथ ही इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए शैक्षिक योग्यता का भी निर्धारण करना चाहिए।

शासन के आदेश का हुआ पालन व्यापारी हुए हद में : आशीष जायसवाल

प्रखर महराजगंज।नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे में मुख्य मार्ग सडक के दोनों तरफ बसे ब्यापारी एवं दुकानदारों ने अधिकारी द्वारा दी गई सूचना पर अमल करते हुए ब्यापार मंडल विधानसभा अध्यक्ष आशीष जायसवाल के निर्देश पर अपने टीन शेड छाजन, पतरा वगैरह हटाते हुए अपने सभी दुकान नाली के अंदर हद मे करते हुए स्वतः हटा लिया गया। आशीष जायसवाल ने कस्बे के ब्यापारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि जिस प्रकार आप सभी ब्यापारियों ने हमारा एवं अधिकारियों का सम्मान करते हुए अपनी दुकान को पीछे किया है हम हमेशा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडा रहेंगे।हमारे संगठन के होते हुए किसी भी छोटे ब्यापारी या बडे दुकानदार को कोई भी परेशानी नहीं आने देगें।बताते चलें कि बृजमनगंज कस्बे के ब्यापारियों को तहसील द्वारा नोटिस दिया गया था कि सरकारी भूमि का अतिक्रमण किया है।जिसके संबंध में वृहस्पतिवार को तहसीलदार, पीडब्ल्यूडी, लेखपाल ने कस्बे का निरिक्षण कर बृजमनगंज कस्बे के मेन रोड कॉलेज रोड पर दोनों साइड बसे हुए सभी व्यापारी भाइयों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपनी दुकान के आगे लगे हुए टीन शेड को निकालने की चेतावनी देकर गये थे कि पटरी पर दुकान या किसी प्रकार सामान ना रखे।विधानसभा ब्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने अधिकारियों से वार्ता कर बीच का रास्ता निकालते हुए समय मांगा।तो उन्होंने सहमति जताते हुए कहा कि यदि सभी दुकानदार नाली के अंदर अपनी दुकान कर ले एवं टीन शेड उपर से हटा ले तो शायद कुछ समय के लिए लोगों को राहत मिल सकता है।आशीष जायसवाल ने एक एक घर जाकर ब्यापारियों से हाथ जोड़ कर निवेदन किया कि आप सभी टीन शेड हटा ले नाली के अंदर रहकर दुकान रखें।कस्बे के ब्यापारियों ने ब्यापार मंडल अध्यक्ष का मान सम्मान रखते हुए अपने टीन शेड हटा लिया।कस्बे के ब्यापारी मनीष जायसवाल, नरेश जायसवाल,गणेश जायसवाल, विवेक कुमार, सुवाष गुप्ता, राजन जायसवाल, राजेंद्र वर्मा, बैजनाथ जायसवाल, दिलीप वर्मा,कमरुद्दीन, गौरव जायसवाल, गोपाल राजेंद्र जायसवाल, राजू जायसवाल, संजय वर्मा आदि लोगों ने विधानसभा ब्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष जायसवाल की सराहना की ।

बेटे की मौत को लेकर परिवार ने पराड़कर भवन में की पत्रकार वार्ता

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जांच में गड़बड़ी और आरोपियों से मिलीभगत बताया बेटे की मौत को लेकर लंका थाने के एसओ और चौकी प्रभारी पर परिवार ने जांच में लीपापोती का आरोप लगाया। मृतक के परिवार ने कहा कि बेटे की हत्या की गई है और पुलिस इसे दुर्घटना बता रही है। लंका पुलिस द्वारा बेटे की मौत ट्रैक्टर पलटने के बाद हार्ट अटैक से हुई, जिसे परिवार मानने को तैयार नहीं।आरोपी आज भी खुलेआम बालू खनन का अवैध कार्य धड़ल्ले से कर रहे हैं। पैसे और सत्ता के सहारे पुलिस को साथ मिलाकर मामले को दबाने की कोशिश में लगे हैं। मृतक के परिवार ने कहा सड़क पर हुए हर घटना की वीडियोग्राफी पुलिस करती है, तो क्या मेरे बेटे के साथ हुए दुर्घटना का कोई वीडियो है जो उनकी बातों को प्रमाणित कर सके मृतक के परिवार ने प्रेसवार्ता के दौरान लंका एसओ, चौकी प्रभारी सहित उपायुक्त पर आरोपियों को बचाने और विवेचना में गड़बड़ी का गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई मृतक के परिवार ने बताया कि यूपी के सीएम और देश के पीएम को भी पत्रक के माध्यम से घटना के संबंध में जानकारी दी गई है। परिवार ने कहा कि बेटे की मौत को चार महीने होने के बाद भी पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई करना तो दूर, उन्हें अपने कलम की ताकत से उन्हें बचाने में लगी है।

क्रशर प्लांटों पर छापेमारी से हड़कंप

प्रखर अहरौरा, मिजार्पुर। क्षेत्र के सोनपुर स्थित क्रशर कटर प्लांटों पर शनिवार की देर रात को विजिलेंस टीम ने छापेमारी की। टीम ने चार प्लांटों पर छापा इसमें श्री स्टोन, आरके स्टोन, हिंदुस्तान ट्रेडर्स, विश्वेश स्टोन पर वाराणसी मंडल के विद्युत विभाग के एमडी वाराणसी विद्या भूषण के नेतृत्व में छापा मारा गया। एमडी के नेतृत्व में दूसरे जिला का विजिलेंस टीम के रेड से क्रशर व्यवसायियों में मचा हड़कंप मच गया। हालांकि छापेमरी में कमियां मिली या नहीं कौन सी कार्यवाही कि गई इस बात की जानकारी नहीं हो सकी। टीम जांच का रिपोर्टिंग कर वापस लौट गई। चर्चा यह भी रहा कि पिछले माह क्रशर और कटर प्लांटों का बिल बहुत कम आया था जिससे संदेह के आधार पर विजिलेंस टीम और एमडी ऑफिस की टीम ने सोनपुर के पहाड़ियों छापा मारकर जांच की।

सुख दुःख के हम साथी है ये वादा है ये बातें चरितार्थ किए प्रदेश के पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक

प्रखर अहरौरा, मिजार्पुर। सुखदुख के हम साथी है ये वादा है ये बातें मौके पर जाकर चरितार्थ किए प्रदेश के पुर्व मंत्री व वर्तमान मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के विधायक रमाशंकर सिंह पटेल

विधायक जो आज सोमवार को नगर में पत्रकारिता जगत में अपना स्थान रखने वाले एवं सरल स्वभाव के स्वर्गीय पवन जायसवाल के निधन का समाचार पाकर बाहर होने के कारण नहीं पहुंच सके थे जो आज विधायक उनके घर पहुंच कर अपनी शोक संवेदना प्रकट की। और ईश्वर से प्रार्थना की कि उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति दे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल नगर के अध्यक्ष महेंद्र अग्रहरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में सांसद प्रतिनिधि सभासद सिद्धार्थ सिंह के घर अहरौरा बाजार चौक दक्षिणी में रिटायर्ड डीआईजी कैलाश नाथ सिंह के माता के निधन पर मड़िहान विधायक उनके घर पहुंच कर अपनी शोक संवेदना प्रकट की। तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति दे। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पारसनाथ अग्रहरि अहरौरा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह एवं कृष्णा तिवारी राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे यह तो रहा दुःख प्रकट करने की भावना वहीं इसी क्रम में आज सोमवार को ही मड़िहान के विधायक रमाशंकर सिंह पटेल जनपद अदलाहाट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-गरौड़ी में सुख के मौके पर पहुंचे जहां आजाद मौर्य के पुत्री के शादी में विधायक उनके घर पहुंचकर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव एवं अजय सिंह खटखट एवं राम लक्ष्मण सिंह एवं मंडल अध्यक्ष अदलहट बैजनाथ प्रजापति, अनिल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

माँ गंगा के अविरलता और निर्मलता के संकल्प के साथ ही जल संरक्षण का संकल्प

प्रखर चौबेपुर वाराणसी। माँ गंगा को प्रदूषण मुक्ति सहित उनकी अविरलता और निर्मलता के लिए जन जागरण का आवाहन करने के साथ ही वर्षा जल संरक्षण के लिए भी सामान्य जन को जागरूक होना पड़ेगा। यह समय की जरूरत है। जन-जन के अंतर्गत इसके लिए जागृति पैदा नहीं होगा, तो आने वाला समय कठिन है। उक्त विचार आज गंगा सप्तमी के पवित्र पर्व पर मौनी बाबा आश्रम, गौरा उपरवार में आयोजित गंगा समग्र के काशी जिला इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गंगा समग्र के राष्ट्रीय आयाम प्रमुख अमिताभ जी द्वारा व्यक्त किया गया। सर्वप्रथम गंगा समग्र के काशी जिला के पदाधिकारी और कार्यकताओं द्वारा मौनी बाबा आश्रम घाट की सफाई की गई, तदोपरांत उपस्थित जन द्वारा श्रद्धा पूर्वक मां गंगा का विधिवत पूजन,अर्चन और आरती

संपन्न हुआ। आश्रम पर कार्यकताओं और स्थानीय जन की एक सभा हुई जिसमें उपस्थित सभी लोगों को मां गंगा की निर्मलता अविरलता और उन्हें प्रदूषण मुक्त किए जाने हेतु शपथ दिलाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए गंगा समग्र के जिला संयोजक दिवाकर द्विवेदी ने गंगा समग्र के विभिन्न आयामों के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने उन कारकों को भी स्पष्ट किया, जिनसे मां गंगा प्रदूषित होती हैं। उपस्थित लोगों को गंगा समग्र के सह प्रांत संयोजक चन्द्रशेखर जी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौनी बाबा आश्रम पीठाधीश्वर ब्रह्मचारी जी महाराज ने किया। उपस्थित अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण और अंगवस्त्रम द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीराम द्विवेदी को काशी जिले के सह नदी आयाम का प्रमुख मनोनीत किया गया। पूजन अर्चन का कार्यक्रम पंडित अनिल पाठक द्वारा संपन्न कराया गया। धन्यवाद ज्ञापन सह जिला संयोजक अवनीश पाठक ने किया। इस अवसर पर गंगा समग्र के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार मिश्र, जिला संरक्षक रणदीप सिंह, जिला सह संयोजक चंद्रप्रकाश दुबे, धर्मेंद्र पांडे, जिला आयाम प्रमुख अंबरीश उपाध्याय विकास चौबे, खंड संयोजक जय प्रकाश दुबे, मनोज कुमार पांडे, महेंद्र यादव, सत्यम चौबे सह खंड संयोजक राज नारायण पटेल, शेष धर मिश्र मुन्ना, भगत सिंह यादव प्रधान,अजय गुप्ता,मुक्ति नारायण मौर्य ,विनय तिवारी, श्रीनारायण पांडेय,आशीष पाठक,राघवेंद्र पाठक,सूरज पाठक,अजय चौबे,अजय पांडेय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सरकारी आदेश को ठेंगा दिखा रहे दुकानों पर प्रशासन का चला बुलडोजर

प्रखर पूर्वांचल बृजमनगंज न्यूज। जनपद महराजगंज के बृजमनगंज नगर पंचायत में बीते बृहस्पतिवार को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दुकानदारों को सूचित किया गया था कि अपनी अपनी दुकान पटरी से हटा ले जो भी टीन शेड लगा है उसे उतार लें अन्यथा बात नहीं मानने पर प्रशासन का चलेगा बुलडोजर।ब्यापारियों की भलाई के लिए विधानसभा ब्यापार मंडल अध्यक्ष ने सभी ब्यापारियों से निवेदन करते हुए नाली के अंदर दुकान लगाने तथा टीन शेड हटाने की अपील किया था जिसे कस्बे के काफी ब्यापारियों ने समर्थन करते हुए अपने टीन शेड हटा लिया एवं नाली के अंदर दुकान कर लिया।परन्तु कुछ दुकानदार ब्यापारी नेताओं के कहने पर अपनी मनमानी दिखाने की कोशिश की।अपनी दुकान से टीन शेड नहीं हटाया जिसका खामियाजा उन्हें आज प्रशासन के बुलडोजर एवं जुमार्ना के साथ भुगतना पड़ा।आज नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र,फरेंदा तहसीलदार वाचस्पति ,ईओ अवध प्रकाश सिंह ने देखा कि अभी भी कुछ लोग प्रशासन के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं तो नगर पंचायत से बुलडोजर मंगाकर जिन लोगों ने

टीन शेड नहीं हटाये थे तथा जिन्होंने नाली पर पक्का फर्श बनवाया था उसे बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।विधानसभा ब्यापार मंडल अध्यक्ष ने एसडीएम को अवगत कराया कि मनबढ़ किस्म के लोगों एवं नेताओं के बहकावे में आकर कुछ लोगों ने सरकार के आदेश की अवहेलना की है बाकी ब्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने टीन शेड हटा लिया है।इस दौरान समस्त अधिकारियों के साथ आशीष जायसवाल लगे रहे।

संक्षिप्त खबरें

बालिकाओं को उच्च शिक्षित करने की जरूरत : मम्मन यादव

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध धनेश्वर यादव महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोकलपुर नेवादा में रविवार को छात्र छात्राओं को निशुल्क टेबलेट स्मार्टफोन वितरित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि करंजाकला विकासखंड की ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव मम्मन की उपस्थिति में वितरण किया गया । उन्होंने कहा कि इस टेबलेट से बच्चों को काफी कुछ सीखने में मदद मिलेगी, प्रदेश सरकार की इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले यही उद्देश्य है। विशिष्ट अतिथि गौरी शंकर यादव ने छात्र छात्राओं को अनुशासन में रहने व देश और समाज के लिए नया कुछ करने पर जोर दिया। शिक्षक नेता डॉ राम मूरत यादव अध्यक्ष ने कहा कि सभी छात्रों को टेबलेट उनके भविष्य और सरकार द्वारा चलाई गई योजना छात्रों के छात्रों के भविष्य के लिए सुयोग्य है। इस मौके पर अजीत कुमार सिंह मंडल उपाध्यक्ष, डॉ अनिल कुमार, डॉ जयप्रकाश, साधना यादव, डॉ प्रिया यादव , डॉ अंजली गौतम, हरिप्रसाद, शेर बहादुर यादव प्रधानाचार्य, विकास यादव गोली, संजय यादव, मुलायम यादव प्रधान रामपुर, कंचन यादव, कुमारी नंदिनी, सदानंद यादव, फूलचंद यादव, मिराज खान, योगा टीचर विमल यादव की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता दया शंकर यादव व संचालन शिक्षक नेता राम मूरत यादव ने किया किया।

छात्रों को किया गया सम्मानित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बाबा टेनी मौर्य इंटर कॉलेज (नवोदय/विद्याज्ञान/C. H.S. आवासीय/हास्टल) के प्रांगण में आज दिन सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश स्तरीय विद्या ज्ञान परीक्षा में चयनित छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पवन कुमार पांडे सहायक विकास अधिकारी पंचायत सदर एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुशवाहा ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने विद्यालय के चयनित पाँच छात्रों को क्रमशः अवनीश कुमार यादव, सिद्धार्थ मौर्य, अंकित कुमार गुप्ता, पवन कुशवाहा तथा बबली कुमारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा बच्चों के भविष्य निर्माण में लगे इस विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किए। इस अवसर पर रामनाथ सिंह कुशवाहा, प्यारे लाल यादव, अखिलेश यादव, मंजय राजभर, प्रिंस विश्वकर्मा तथा विनीता यादव आदि उपस्थित रहे।

सर्वसम्मति से यूनाइटेड मीडिया पत्रकार एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का किया गठन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। यूनाइटेड मीडिया पत्रकार एसोसिएशन जनपद इकाई गाजीपुर की एक आवश्यक बैठक आज दिन सोमवार को जिला कार्यालय कचहरी रोड गाजीपुर पर संगठन के संस्थापक अध्यक्ष उपेन्द्र यादव के नेतृत्व में की गई। इस बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्व सम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें कमलेश यादव को जिला अध्यक्ष (कार्यवाहक) की कमान सौंपी गई। वही जनपद के सभी सातों तहसील के तहसील अध्यक्षो मे सदर से नीरज यादव, जखनिया से रमेश सोनी, सैदपुर से मो. इसरार, कासिमाबाद से मो. बिलाल, मोहम्मदाबाद से रविन्द्र यादव, जमानिया से जफर इकबाल, सेवराई से सत्यानंद उपाध्याय को जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमलेश यादव ने संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों से अपील किया है कि अपने-अपने तहसील क्षेत्र के सदस्यों को संगठित करके जल्द से जल्द सूची प्रदान करने में सहयोग देवे ताकि संगठन को मजबूती प्रदान किया जा सके। इस मौके पर संगठन के संस्थापक अध्यक्ष उपेन्द्र यादव एवं नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमलेश यादव के साथ जफर इकबाल, मो. बिलाल, रविंद्र, विजय सहाय, सर्वेश यादव, संदीप गुप्ता, आशीष गुप्ता, छोटू यादव, चंदन शर्मा आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं